26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी


बिजनौर : गुरुवार, 3 सितम्बर, 2026
अंक- 310 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 8

www.dainikchingari.com

# पाकिस्तानी फाइटर जेट गिराने वाले अभिनंदन ने एयरफोर्स छोड़ी

## प्राइवेट एयरलाइन जॉइन की, 2019 एयर स्ट्राइक में PoK में पकड़े गये थे, फिर रिहा हुए

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** अभिनंदन वर्तमान मिग से इजेक्ट होकर पीओके में गिरे थे, उन्हें पाकिस्तान ने हिरासत में ले लिया था। भारत के दबाव के चलते 1 मार्च 2019 को वे बाघा बॉर्डर के रास्ते भारत आए थे। इंडियन एयरफोर्स के पूर्व ग्रुप कैप्टन और वीर चक्र विजेता अभिनंदन वर्तमान ने रिटायरमेंट लेकर प्राइवेट एयरलाइन जॉइन कर ली है। अधिकारियों के मुताबिक, उन्होंने 31 मार्च 2026 को वायुसेना छोड़ी। अभिनंदन अगस्त में प्राइवेट एयरलाइन फ्लाई 91 से जुड़ गए हैं। यहां वे कॉमर्शियल यात्री विमान के पायलट होंगे। करीब दो दशक एयरफोर्स में सेवा देने के बाद यह उनके करियर की नई पारी है। अभिनंदन 27 फरवरी 2019 को पाकिस्तानी फाइटर जेट एफ-16 गिराने के बाद सुर्खियों में आए थे। इस दौरान उनका मिग-21 मिसाइल की चपेट में आ गया और उन्हें इजेक्ट होकर पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके यानी पीओके में उतरना पड़ा।



पाकिस्तान ने करीब 60 घंटे हिरासत में रखने के बाद 1 मार्च 2019 को उन्हें भारत को सौंप दिया था। 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आतंकी हमला हुआ था, इसमें 40 जवान शहीद हुए थे। इसके जवाब में भारत ने 26 फरवरी को पाकिस्तान के बालाकोट में एयरस्ट्राइक की थी।

इसके अगले दिन कई पाकिस्तानी लड़ाकू विमान एलओसी की ओर बढ़ा। उस समय अभिनंदन श्रीनगर एयरफोर्स स्टेशन पर मिग-21 बाइसन स्क्वाड्रन में तैनात थे। वह ऑपरेशनल रेडीनेस ड्यूटी पर थे।

पाकिस्तानी विमानों का पता चलने के करीब पांच मिनट बाद अभिनंदन को उन्हें रोकने के लिए भेजा गया। आधिकारिक प्रशस्ति-पत्र के मुताबिक, उन्होंने पीछे हट रहे एक दुश्मन विमान का पीछा किया और हवाई लड़ाई में उसे मार गिराया। हवाई लड़ाई के दौरान पाकिस्तानी विमान ने कई बियॉन्ड विजुअल रेंज (BVR) मिसाइलें दागीं। इनमें से एक मिसाइल अभिनंदन के विमान से टकराई। विमान को नुकसान पहुंचने के बाद अभिनंदन ने इजेक्ट किया। वह पैराशूट से पाकिस्तान के इलाके में उतरे, जहां उन्हें पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने पकड़ लिया। हालांकि, 1 मार्च 2019 को अभिनंदन पाकिस्तान से सुरक्षित भारत लौट आए थे।

# रामभक्तों की सेवा मेरा सौभाग्य

## राम मंदिर ट्रस्ट के सीईओ जितेंद्र मिश्रा की पहली प्रतिक्रिया



**अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या में मंदिर प्रबंधन को लेकर एक बेहद अहम फैसला लिया है। भारतीय वायुसेना के पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा (रिटायर्ड) को ट्रस्ट का पहला मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। नई दिल्ली में अपनी नियुक्ति की घोषणा के बाद पहली प्रतिक्रिया देते हुए एयर मार्शल मिश्रा ने इसे अपना परम सौभाग्य बताया। अपनी इस नई और पावन जिम्मेदारी पर खुशी जाहिर करते हुए जितेंद्र मिश्रा ने कहा, इतने सारे योग्य उम्मीदवारों में से मुझे इस पद के लिए चुना गया, यह मेरे लिए बहुत बड़े सौभाग्य की बात है। मैं इसे भगवान श्रीराम का आशीर्वाद मानता हूं। भारतीय वायुसेना में 43 वर्षों तक देश की सेवा करने के बाद, अब मुझे श्रीराम मंदिर और रामभक्तों की सेवा करने का यह पवित्र अवसर मिला है। सीईओ एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा (रिटायर्ड) ने यह भी कहा कि जैसा कि मैंने कहा, मैं सिलेक्शन कमेटी, श्री राम मंदिर ट्रस्ट और भगवान राम का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे इस ज़िम्मेदारी के लिए चुना। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि वे मुझे इतनी क्षमता दें कि मैं इसे अच्छे से निभा सकूं। सैन्य पृष्ठभूमि से आने वाले एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा का विशाल प्रशासनिक अनुभव ट्रस्ट के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। अयोध्या में रोजाना आ रहे लाखों श्रद्धालुओं की सुगम दर्शन व्यवस्था, मंदिर परिसर के सुरक्षा प्रबंधन और ट्रस्ट के दैनिक कार्यों को और अधिक पेशेवर व सुचारू ढंग से चलाने के लिए उनकी नियुक्ति को एक मास्टरस्ट्रोक माना जा रहा है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में के. परासरन, महंत नृत्य गोपाल दास, स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज और कृष्ण मोहन प्रमुख सदस्य हैं। महंत नृत्य गोपाल दास ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं, जबकि स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज कोषाध्यक्ष हैं। ट्रस्ट में शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महाराज, स्वामी विश्वप्रसन्न तीर्थ महाराज, युगपुरुष परमानंद महाराज और महंत दिनेंद्र दास भी सदस्य हैं। इसके अलावा निर्मला यादव, मदन मोहन पांडे और महेश भागचंदका नये ट्रस्टी के तौर पर शामिल हैं। ट्रस्ट में कुछ पदेन और सरकारी सदस्य भी हैं। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा इसमें शामिल हैं। केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर प्रशांत लोखंडे और उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर संजय प्रसाद सदस्य हैं। अयोध्या के जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी भी पदेन सदस्य के रूप में ट्रस्ट का हिस्सा हैं। इस तरह ट्रस्ट में धार्मिक, कानूनी और प्रशासनिक अनुभव वाले सदस्यों की भागीदारी है।

# 'लखपति दीदी' बन प्रदेश की 28 लाख से अधिक महिलाएं बनीं परिवार की आर्थिक धुरी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के गांवों में महिलाएं आर्थिक बदलाव की नई कहानी लिख रहीं हैं। कभी घर की चारदीवारी और खेती-किसानी में सहयोग तक सीमित मानी जाने वाली ग्रामीण महिलाएं अब बचतकर्ता से उद्यमी और परिवार की सहयोगी से उसकी आर्थिक ताकत बन रही हैं। योगी सरकार के ग्रामीण आजीविका मिशन ने इस बदलाव को व्यापक आधार दिया है। प्रदेश में साढ़े दस लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर करीब सवा करोड़ ग्रामीण परिवार आत्मनिर्भर बने हैं और इनमें से 28 लाख से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बनकर ग्रामीण समृद्धि का नया चेहरा बन गई हैं। यह बदलाव केवल महिलाओं की आय बढ़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों में पूंजी, उत्पादन, बाजार और रोजगार का नया चक्र भी खड़ा कर रहा है। आजीविका मिशन की सबसे बड़ी उपलब्धि उसका विशाल नेटवर्क ही नहीं, बल्कि गांवों में विकसित हो रहा सामुदायिक आर्थिक तंत्र है। छोटी-छोटी बचत से शुरू हुआ महिलाओं का सफर अब बैंकिंग, ऋण, उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन और उद्यमिता तक पहुंच गया है। योगी सरकार ने स्वयं सहायता समूहों को केवल वित्तीय सहयोग का माध्यम बनाने के बजाय उन्हें आर्थिक स्वावलंबन की पहली सीढ़ी बनाया है। समूहों से आगे 65,544 ग्राम संगठनों और 3,298 संकुल स्तरीय संघों का ढांचा खड़ा कर महिलाओं को ऐसा संस्थागत आधार दिया गया है, जो उनकी आजीविका को स्थायित्व और कारोबार को विस्तार दे रहा है। ग्रामीण आजीविका मिशन की बुनियाद सामूहिकता की उस ताकत पर टिकी है, जिसमें महिलाएं संगठित होकर अपनी आर्थिक क्षमता बढ़ाती हैं। स्वयं सहायता समूह में नियमित छोटी बचत से शुरुआत होती है। यही बचत वित्तीय अनुशासन पैदा करती है और आगे बैंक ऋण तथा दूसरे संस्थागत वित्त तक पहुंच का रास्ता खोलती है। मिशन निदेशक अरुण कुमार ने बताया कि इस व्यवस्था ने उस ग्रामीण महिला के लिए भी उद्यमिता के द्वार खोले हैं, जिसके पास न बड़ी पूंजी थी और न बाजार तक सीधी पहुंच।




## मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना





**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A.,
F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423





## महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234





## आवश्यकता है

हल्दौर स्थित फैक्ट्री/ कार्यालय के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / कंप्यूटर एक्सपर्ट की आवश्यकता है।

कार्य- MS EXcel, डाटा एंट्री व कंप्यूटर चलाने का अच्छा ज्ञान रखता हो।

हल्दौर के स्थानीय व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन/विशेष इंसेंटिव की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

-इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मो-8077377404



## आज जिनकी 17वीं पुण्यतिथि है

" पथरीली राहों में भी सफर आसान सा लगता है
ये सब मेरी मां की दुआओं का असर लगता है।



**स्व. श्रीमती प्रेमलता भटनागर**
**पत्नी स्व. श्री शिव सहाय भटनागर**

पूजनीय माता जी आज हम सब आपकी 17वीं पुण्यतिथि (3 सितम्बर) पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं तथा आपके चरणों को प्रणाम करते हुए आपके सिद्धांतों-आदर्शों व संस्कारों का अनुसरण करने का संकल्प लेते हैं।

**श्रद्धावनत**

प्रमोद भटनागर-संगीता, लक्ष्मी सहाय भटनागर-पुष्पा, ओम सहाय भटनागर- मीनाक्षी (पुत्र-पुत्रवधू), ममता भटनागर-नवल किशोर, निर्मला सक्सैना-वीरेंद्र कुमार (पुत्री-दामाद), रोचक भटनागर (अप्पू)-आकांक्षा, मधुर भटनागर-नेहा, मिलन भटनागर-प्रिया, अरविंद भटनागर, अर्पण भटनागर, शुभम भटनागर-शिवा (पौत्र-पौत्रवधू), रुचि भटनागर, अंकिता भटनागर-विपुल शुभांगी भटनागर गौड़-सुमित, कोपल सक्सैना एवं काव्या सक्सैना (पौत्री-दामाद), आरव भटनागर, मायरा भटनागर, विराट सहाय भटनागर, नील भटनागर, मिशका गौड़, तनुष सहाय भटनागर, प्रज्ञा भटनागर, श्रीधा भटनागर, रोचांशी भटनागर एवं अनिल सहाय भटनागर (पड़पोते-पड़पौत्री)



## बिना आप्रेशन/बिना चीड़-फाड़






नोएडा-गुरुग्राम के प्रख्यात गुदा रोग विशेषज्ञ
**डॉ. सुधांशु चौधरी**
MS (Anorectal Surgeon)

अब
सप्ताह में दो दिन बिजनौर में
बृहस्पतिवार -बिजनौर
शुक्रवार - बास्टा



न शर्मायें, न छिपायें न करें घरेलू उपचार न जायें नीम हकीमों के द्वार मात्र 10 दिनों में पायें स्थायी समाधान

बिना भर्ती, शीघ्र रिकवरी के साथ इस तकनीक द्वारा यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते।

किसी भी शंका के समाधान के लिये तुरन्त कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

**सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर**
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर


## रूबियो बोले- भारत-ईरान के बीच ट्रेड डील पर बातचीत नहीं

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि भारत और ईरान के बीच कोई ट्रेड डील हुई है। उनसे पीएम मोदी और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान की मुलाकात को लेकर सवाल किया गया था।

उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर कोई देश ईरान को अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने में मदद करेगा, तो अमेरिका उस देश पर भी प्रतिबंध लगा सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री का बयान मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान की SCO समिट के दौरान हुई मुलाकात के बाद आया है। दोनों नेताओं ने भारत-ईरान संबंध, व्यापार और पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा की थी। मोदी ने कहा था कि भारत-ईरान के साथ अपने पुराने संबंधों को और मजबूत करना चाहता है। दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने और नये क्षेत्रों को इसमें शामिल करने पर भी जोर दिया गया था। मोदी ने कहा था कि भारत BRICS और SCO जैसे मंचों पर ईरान के साथ सहयोग जारी रखेगा। उन्होंने पजशकियान को 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले BRICS शिखर सम्मेलन में शामिल होने का न्यौता भी दिया। मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से ब्रिक्स समिट के दौरान मुलाकात की थी।

# कैसे और किस समय मनायें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 2026 :** जिसे लोकप्रिय रूप से जन्माष्टमी भी कहा जाता है, भारत के प्रमुख हिंदू त्यौहारों में से एक है। यह भगवान कृष्ण के जन्म का उत्सव है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, कृष्ण प्रेम, करुणा, स्नेह और भक्ति के देवता हैं। वे न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में सबसे लोकप्रिय और प्रिय देवताओं में से एक हैं। कृष्ण जन्माष्टमी को कृष्ण जयंती, गोकुलाष्टमी, आठें आदि विभिन्न नामों से भी जाना जाता है। उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक, लोग बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ इस उत्सव में भाग लेते हैं। सनातन परंपरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का गहरा महत्व है। यह वर्षों से मनाया जा रहा है। वास्तव में, कृष्ण जन्माष्टमी का इतिहास काफी समृद्ध है। यह उत्सव लगभग 52,53 वर्ष पुराना है, इस प्रकार यह सबसे पुराने और निरंतर मनाए जाने वाले उत्सवों में से एक है। यह त्यौहार भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष के आठवें दिन मनाया जाता है। जन्माष्टमी पर, भक्त कृष्ण के बाल रूप की पूजा करते हैं, जिन्हें लड्डू गोपाल, बाल कृष्ण या बाल गोपाल कहा जाता है।



## कृष्ण जन्माष्टमी मनाने का सांस्कृतिक महत्व

कृष्ण जन्माष्टमी का सांस्कृतिक महत्व बहुत अधिक है। इस वर्ष हम भगवान कृष्ण की 5253 वीं जयंती मना रहे हैं।

इस त्यौहार का सांस्कृतिक महत्व भगवान कृष्ण के जन्म से जुड़ा है, जिन्हें भगवान विष्णु का आठवां अवतार या रूप माना जाता है। यह त्यौहार न केवल कृष्ण को बल्कि उनके माता-पिता, माता देवकी और वासुदेव को भी नमन करता है। माता देवकी ने कारावास के दौरान तमाम कठिनाइयों का सामना करते हुए कृष्ण को जन्म दिया। जन्माष्टमी प्रेम और धर्म में आस्था का उत्सव है। यह श्रीकृष्ण की कंस पर विजय, बुराई पर अच्छाई की विजय की याद दिलाता है।

### जन्माष्टमी 2026 पूजा अनुष्ठान का समय विधि =

**सुबह की सफाई :** आप जन्माष्टमी के दिन की शुरुआत सुबह की साफ-सफाई से कर सकते हैं। अपने घर की सफाई करें और फिर पूजा स्थल को सुव्यवस्थित करें। आप फूलों, रंगों आदि का उपयोग करके कृष्ण जन्माष्टमी की रंगोली बनाकर उसे सजा सकते हैं।

**उपवास व्रत :** कृष्ण के जन्म का उत्सव मनाने के लिए भक्त उपवास भी रखते हैं। यह दो प्रकार का हो सकता है। आप फल या दूध का सेवन कर सकते हैं। या आप बिना जल के निर्जला व्रत रख सकते हैं। उपवास भगवान के प्रति आपके प्रेम और समर्पण को प्रदर्शित करने का प्रतीक है।

**मूर्ति अभिषेक :** इसके बाद, आधी रात को आप अभिषेक जैसे अनुष्ठान कर सकते हैं। अभिषेक पूजन के लिए आप पंचामृत, गंगाजल जैसी सामग्री का उपयोग कर सकते हैं।

**सजावट और संवारना :** अब, बाल गोपाल की उपस्थिति का सम्मान करने और उनका स्वागत करने के लिए उन्हें सुंदर वस्त्र पहनाएं।

**आरती और भजन :** कृष्ण जन्माष्टमी के नवजात अवतार का स्वागत करने के लिए मध्यरात्रि को देशी घी के दीयों और दीपों के साथ आरती और भजन भी किए जाते हैं।

**नैवेद्य :** इस अनुष्ठान में मूर्ति को भोजन अर्पित किया जाता है। इसमें फल, सूखे मेवे, खीर या अन्य प्रकार की भोग सामग्री शामिल हो सकती है।

**झूला समारोह :** झूला समारोह में कृष्ण जन्माष्टमी भजनों या लोरी के साथ कृष्ण के पालने को थोड़ा झुलाना शामिल है।

**पारायन :** आरती और प्रसाद संपन्न होने के बाद, आप पारण मुहूर्त पर अपना व्रत तोड़ सकते हैं।

**अतिरिक्त परंपराएं :** विभिन्न क्षेत्रों में दही हांडी और रास लीला जैसी अतिरिक्त रस्में भी निभाई जाती हैं। अपनी व्यवस्था के अनुसार कर सकते हैं।

### कृष्ण जन्माष्टमी 2026 पूजा समय
### कृष्ण जन्माष्टमी 4 सितंबर 2026 को मनाई जाने वाली है।
### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजा का समय और मुहूर्त-

कृष्ण जन्माष्टमी 2026 : शुक्रवार, 4 सितंबर
निशिता पूजा का समय : लगभग रात 12:00 बजे से 12:45 बजे के बीच
दही हांडी : 4 सितंबर, 2026 परायण समय : 5 सितंबर 2026 की सुबह
अष्टमी तिथि का प्रारंभ : 4 सितंबर, 2026, सुबह 2.25 बजे
अष्टमी तिथि का समापन : रात्रि 12.13
रोहिणी नक्षत्र का आरंभ : 12.29 पूर्वाह्न, 4 सितंबर, 2026
रोहिणी नक्षत्र का अंत : 4 सितंबर 2026, रात 11.04 बजे।



व्रत-त्यौहार संबंधी शंका समाधान के लिए व ज्योतिष एवं वास्तु संबंधी समस्या के निवारण के लिए हमारे ज्योतिष केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

-आचार्य विनोद गोस्वामी
ज्योतिषज्ञ, वस्तुविद
7017142498
आवास विकास कॉलोनी
बिजनौर।

# हाईवे का निर्माण अधूरा टोल टैक्स वसूल रहे पूरा

## न सर्विस रोड बनी, न ओवरब्रिज के नीचे लाइटें लगीं

रईस मलिक

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )। पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोतवाली देहात क्षेत्र में सर्विस रोड का कार्य अधूरा होने से कस्बेवासी परेशान हैं। ओवरब्रिज के दोनों ओर बनी सर्विस रोड के नाले अवरुद्ध होने से जलभराव की स्थिति बन रही है। वहीं, ओवरब्रिज के नीचे अभी तक प्रकाश व्यवस्था नहीं की गई है। कस्बेवासियों ने जल्द लाइटें लगाने और अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की है। युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष इमरान कुरैशी ने कहा कि ओवर ब्रिज का कार्य अभी पूरा भी नहीं हुआ, जबकि डेहरी के अंदर टोल लेना शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों से वार्ता कर टोल के 10 किलोमीटर के अंदर सभी गांव के लोगों को छूट दिलाने का प्रयास किया जाएगा।**

पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत वीकेआईटी से कोतवाली देहात तक करीब 18 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया गया है। डेहरी में टोल प्लाजा स्थापित कर 28 अगस्त से टोल वसूली भी शुरू कर दी गई है, लेकिन सड़क और ओवरब्रिज से संबंधित कई कार्य अभी अधूरे हैं।

कस्बा निवासी एवं राष्ट्रीय लोकदल के युवा जिला अध्यक्ष इमरान कुरैशी ने कहा कि टोल वसूली शुरू कर दी गई है, लेकिन सड़क पर अभी पूरी व्यवस्थाएं नहीं हो सकी हैं। कोतवाली देहात ओवरब्रिज के ऊपर लाइटें लगा दी गई हैं, जबकि ओवरब्रिज के नीचे और सर्विस रोड पर प्रकाश व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि इससे रात के समय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इमरान कुरैशी ने कहा कि टोल के आसपास के ग्रामवासियों जैसे माहेश्वरी, पहरुवाला डेहरी, मूसेपुर रहमापुर, गौरवपुर कोतवाली देहात करीब 10 किलोमीटर क्षेत्र के गांव को छूट मिलनी चाहिए।

### नालों की सफाई न होने से जलभराव



ग्राम प्रधान पति इमरान समी कुरैशी ने कहा कि सर्विस रोड के किनारे बनाए गए नालों की सफाई नहीं होने से पानी की निकासी बाधित हो रही है। बारिश के दौरान कस्बे में जलभराव की स्थिति बन जाती है। पानी की निकासी हेतु व्यवस्थाएं की जाएं जिससे आमजन को परेशानियों का सामना न करना पड़े।



शहजाद मंसूरी

**शहजाद मंसूरी ने बताया कि कई स्थानों पर नाले टूटे हुए हैं, जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से भी की गई है।**

### एसडीएम ने कहा..

इस संबंध में एसडीएम नगीना प्रिंस कुमार ने बताया कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा।

### गडकरी से मिलेंगे इमरान कुरैशी



राष्ट्रीय लोकदल के युवा जिला अध्यक्ष इमरान कुरैशी ने कहा कि अगर ओवर ब्रिज के दोनों और बने नाले व लाइट टोल प्लाजा को लेकर समाधान नहीं किया गया तो वह एक हफ्ते के अंदर भारत सरकार के मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर इन समस्याओं से उन्हें अवगत करायेंगे।

# विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** एलआरडी एसवीएम इंटर कॉलेज, मण्डावर, बिजनौर द कैंब्रिज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिसर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और जयघोषों से गुंजायमान रहा।

कार्यक्रम में आचार्य अमित कुमार ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से संबंधित प्रेरणादायक प्रसंगों का वर्णन करते हुए छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत सुंदर एवं प्रेरणादायक वर्णन किया।

विद्यालय के प्रबंधक भूदेव सिंह ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दी गई शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत है तथा उनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए आकर्षक मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के चारों हाउस ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। भगत सिंह हाउस ने प्रथम स्थान, विवेकानंद हाउस ने द्वितीय स्थान तथा चन्द्रशेखर आजाद हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




## जनसुनवाई में आयीं 11 समस्याएं, तीन का हुआ निस्तारण

**सहारनपुर ( चिंगारी )।** नगर निगम में बुधवार को जनसुनवाई के दौरान आयीं 11 समस्याओं में से तीन समस्याओं का नगरायुक्त शिपू गिरि द्वारा तत्काल निस्तारण कराया गया। स्ट्रीट लाइट व शेष अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वार्ड 61 आजाद कॉलोनी निवासी शाहनवाज ने कॉलोनी में नियमित रुप से सफाई कर्मचारी भेजकर सफाई कराने के लिए तथा वार्ड 13 ट्रांस्पोर्ट नगर के निकट रहने वाले जितेंद्र कुमार गोयल ने आईटी ऑफिस ट्रांस्पोर्ट नगर के सामने नाली सफाई कराने के लिए प्रार्थना-पत्र दिया। जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों व सफाई मित्रों को भेजकर सफाई कराते हुए समस्या का समाधान करा दिया गया। इसके अतिरिक्त वार्ड 16 साउथ सिटी निवासी दीपक गोयल ने साउथ सिटी में बढ़ी हुयी घास को कटवाने के लिए प्रार्थना-पत्र दिया, जिस पर उद्यान विभाग के कर्मचारी को भेजकर समस्या का समाधान कराया गया। वार्ड 38 न्यू भगवती कॉलोनी के संजय जैन, वार्ड 11 मवींकला निवासी स्वतंत्रपाल, वार्ड 13 गोविंद विहार जनता रोड निवासी मुकेश कुमार,वार्ड 48 आवास विकास दिल्ली रोड निवासी सतीश कुमार, वार्ड 58 मौहल्ला कायस्थान निवासी मुकेश जैन तथा वार्ड 35 बंदरों वाला बाग निवासी दीपचंद ने अपने-अपने क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट ठीक कराने के लिए प्रार्थना-पत्र दिए।




# पंचायत चुनाव पर भी है रालोद की नजर

## चौधरी अलबेल सिंह बने पंचायत राज प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष



**बिजनौर ( चिंगारी )।** रालोद ने जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर काम करना शुरू कर दिया है। रालोद पंचायत राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल सिंह धामा ने चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर झलरी निवासी चौधरी अलबेल सिंह को पंचायत राज प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। सूबे में राजनीतिक दलों ने विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। रालोद की ओर से भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जगह-जगह कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही रालोद अपने विभिन्न प्रकोष्ठों को भी सक्रिय करने में जुटा है। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री त्रिलोक त्यागी की नजर संगठन को मजबूत करने पर है। प्रदेश में पंचायत चुनाव का कार्यकाल भी पूरा हो गया है। रालोद ने आने वाले समय में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पंचायत राज प्रकोष्ठ को भी सक्रिय करना शुरू कर दिया है। पंचायत राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल सिंह धामा ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में संगठन को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रालोद की नीतियों तथा चौधरी चरण सिंह की विचारधारा पर काम काम करने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। दूसरी ओर, रालोद पंचायत राज प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चौधरी अलबेल सिंह ने बताया कि वह रालोद की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।

## नेपाली पीएम बालेन शाह संसद में बोले- भारत और चीन को धन्यवाद



**काठमांडू ( एजेंसी/चिंगारी )।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने बाढ़ राहत और बचाव कार्यों में मदद के लिए संसद में भारत और चीन को धन्यवाद दिया। बुधवार को संसद को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों पड़ोसी देशों ने समय पर राहत सामग्री, तकनीकी टीमें और आपात मदद भेजी। भारत ने राहत सामग्री की पांचवीं खेप भेजी है। भारतीय टीमें सुरंगों में सर्च ऑपरेशन और शवों की पहचान में मदद कर रही हैं। वहीं, चीन ने ग्यिरोंग बॉर्डर तक जाने वाला हाईवे खोल दिया है, जिससे राहत दल प्रभावित इलाकों तक पहुंच रहे हैं। बाढ़ से अब तक कुल 1,225 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें नेपाल में 1,204 और तिब्बत में 21 लोगों की जान गई है। वहीं, 4700 से ज्यादा लोग लापता हैं। कई हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स के कर्मचारी भी गायब हैं। आशंका है कि कुछ लोग अब भी सुरंगों में फंसे हो सकते हैं।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# गौसपुर में पति-पत्नी भूमि कटान की भेंट चढ़ने से बचे

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गंगा के एकदम किनारे बसे ग्राम गौसपुर में आज सुबह दो जिंदगियां भूमि कटान की भेंट चढ़ने से बाल-बाल बचीं। गंगा में समा रही गन्ने की फसल को पशुओं के चारे के लिये काटने गये पति-पत्नी खेत में बहुत दूर तक की भूमि कट जाने के कारण मिट्टी की ढांग में दब गये। पास में काम कर रहे किसान की सूचना पर रस्सियां लेकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें बचाया। ज्ञातव्य है कि क्षेत्र की ग्राम पंचायत तैय्यबपुर गौरवा उर्फ गौसपुर में दक्षिण की ओर गंगा की धारा द्वारा किसानों के खेतों में तेजी से भूमि कटान किया जा रहा है। भूमि कटान की भेंट चढ़ रही गन्ने की फसल को पशुओं के चारे के लिये उपयोग में लाने को ग्राम निवासी सत्यपाल सिंह, अपनी पत्नी उषा देवी तथा पुत्रवधू शशि आज सुबह लगभग साढ़े नौ बजे जब खेत में गन्ने की फसल काट रहे थे, तो अचानक खेत का बहुत दूर तक का हिस्सा भूमि कटान की जद में आ गया। सत्यपाल सिंह तथा उनकी पत्नी उषा देवी मिट्टी की ढांग के नीचे दब गये।



मौके पर पहुंचे एसडीएम, नायब तहसीलदार तथा थानाध्यक्ष।

सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण रस्सियां लेकर मौके की ओर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने रस्सियों की सहायता से ढांग पर नीचे पहुंचकर पति-पत्नी को बाहर निकाला। तब तक डायल-112 की पीआरवी तथा नांगल थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी भी मौके पर पहुंच चुकी थीं। घायलों को पीआरवी द्वारा चंदक पीएचसी ले जाया गया, मगर वहां से बिना प्राथमिक उपचार दिये ही उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहां दोनों की हालत ठीक बताई जाती है। सूचना पर उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अमित कुमार भी मौके पर पहुंचे।



जिला अस्पताल में भर्ती उषा देवी

# मुस्सेपुर में ग्रामीण कीचड़ व जलभराव के बीच शवयात्रा ले जाने को मजबूर

## ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क बदहाल, कोई नहीं पुरसाने हाल

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** देश की आजादी को 80 साल का समय बीत जाने के बाद आज भी सभी गांवों में सड़कें नहीं हैं जिन गांवों में सड़कें हैं वह काफी बदहाल हैं, जिनका कोई पुरसाने हाल नहीं। तहसील क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर से विकास के दावों की पोल खोलती एक तस्वीर सामने आई है। गांव में लंबे समय से बदहाल व कीचड़ से सराबोर रास्ते के कारण ग्रामीणों को शव यात्रा निकालनी पड़ रही है। इस तरह का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। जानकारी के अनुसार मंडावली क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर गांव में श्मशान घाट को जाने वाला मुख्य मार्ग पक्की रोड न होने तथा बरसात में मार्ग पर जलभराव के कारण पूरी तरह दलदल में तब्दील हो चुका है। बीते दिनों हुई बारिश के बाद स्थिति और भी विकराल हो गई। गांव में एक व्यक्ति के निधन के बाद जब ग्रामीण उसका अंतिम संस्कार के लिए शव यात्रा लेकर निकले, तो उन्हें जलभराव, कीचड़ व फिसलन के बीच से होकर गुजरना पड़ा। चार कंधों पर अर्थी उठाए लोग संतुलन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे। शव यात्रा का वीडियो स्थानीय लोगों ने कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो वायरल होते ही ग्राम पंचायत व जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल खड़े हो गये। लोगों का कहना है कि आजादी के दशकों बाद भी अगर अंतिम यात्रा के लिए एक अदद साफ रास्ता नसीब न हो, तो यह बेहद शर्मनाक है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस बदहाल रास्ते को लेकर वह कई बार ग्राम प्रधान से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। रास्ते पर जल निकासी का कोई प्रबंध नहीं है, जिससे आम दिनों में भी राहगीरों व स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द इस मार्ग को पक्का कर जल निकासी का प्रबंध नहीं कराया गया तो वह तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व मुस्सेपुर पंचायत के ही मौजा मौअज्जमपुर में मुस्लिम समाज के लोगों को शव दफीने के लिए कब्रिस्तान तक जाने के लिए कीचड़ व जलभराव वाले गांव के बदहाल मार्ग से गुजरना पड़ा था, जिसकी बाद में मरम्मत कराई गई थी।



कीचड़ व जलभराव के बीच से शवयात्रा लेकर निकलते ग्रामीण।

# मंजू जौहरी दुष्यंत कुमार सम्मान रत्न से सम्मानित

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** प्रसिद्ध कवि दुष्यंत कुमार की जयंती पर ग्राम शादीपुर में आयोजित कार्यक्रम में साहित्य के क्षेत्र में साहित्यकार डॉ. मंजू जौहरी को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह तथा 11 हजार रूपए देकर दुष्यंत कुमार सम्मान रत्न से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त समाजसेवा के लिए वीर सिंह तथा डॉ. आदित्य अग्रवाल, कमलेश आर्या, इंजीनियर हेमंत अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंजू जौहरी ने विवेक पुस्तकालय को अपनी आठ पुस्तकें भेंट की। मंजू जौहरी को यह सम्मान मिलने पर साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।



साहित्यकार मंजू जौहरी पुस्तकालय को अपनी पुस्तकें भेंट करते हुए।

# माटीकला बोर्ड ने 525 उद्यमियों के चयन के लिए लक्ष्य निर्धारित किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उ.प्र. माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला टूल-किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत तीन दिवसीय आधुनिक उपकरण संचालन हेतु वित्तीय वर्ष-2026-27 में प्रशिक्षण केंद्र के अन्तर्गत मुरादाबाद, मेरठ व सहारनपुर मण्डल के 14 जनपदों में माटीकला व्यवसाय से जुड़े परम्परागत कारीगर को विद्युत चालित चाक व पगमिल मशीन के निःशुल्क वितरण के लिए 525 उद्यमियों का चयन हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिनका तीन दिवसीय प्रशिक्षण मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र ग्राम अकबरपुर चौगांवा कोटद्वार रोड पर किया जाना नियत है, जिसमें खान-पान व्यवस्था, आवास व प्रक्टिकल प्रशिक्षण कुशल मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जाएगा।

# बूथ जीता-चुनाव जीता के मूल मंत्र के साथ कार्यशाला आयोजित



**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को बूथ स्तर तक मज़बूत बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न जिलों में चलाए जा रहे बूथ सत्यापन अभियान व कार्यशाला के तहत नजीबाबाद विधानसभा के भागूवाला मंडल के पदाधिकारियों की ओर से मोटा महादेव मंदिर परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे भागूवाला मण्डल के बूथों का सत्यापन किया गया। कार्यक्रम में बूथ जीता-चुनाव जीता के मूल मंत्र के साथ संगठन की गतिविधियों व कार्यकर्ताओं के सत्यापन को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, भाजपा जिला महामंत्री बलराज सिंह त्यागी, चौधरी ईशम सिंह, भागूवाला मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, महामंत्री सचिन देशवाल, नौबहार सिंह, कपिल राजपूत, अनुज चौधरी, गायत्री निराला, जुगनेश कुमार सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ने पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** निषाद पार्टी की महिला मोर्चा की जिला महासचिव श्रीमती सोनिया कश्यप के आवास पर उनके पति के निधन के उपरांत शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए मिठाई लाल सदस्य उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति आयोग (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) पहुंचे। उन्होंने इस दुःख की घड़ी में परिवार के सभी सदस्यों से मिलकर दुःख साझा कर उन्हें विश्वास दिलाया कि पूरी पार्टी इस दुःख की घड़ी में परिवार के साथ है। इस मौके पर नवीन कश्यप जिला अध्यक्ष निषाद पार्टी, भूपेंद्र कश्यप जिला अध्यक्ष संगठन, डॉक्टर जुनैद अंसारी जिला महासचिव, डॉ. ऋषिपाल कश्यप जिला महासचिव, जीत सिंह कश्यप, जितेंद्र कुमार ब्लॉक अध्यक्ष, मनोज कश्यप जिला प्रभारी, डॉ. एहसान उस्मानी नगर अध्यक्ष, डॉ. अरविंद कुमार कश्यप आदि उपस्थित रहे।



आपके क्षेत्र नूरपुर में
Prop. Kaif
M. 9548128224
पहली बार खुला
विशेष iPhone रिपेयर सेंटर
I-REPAIR
EXPERT CARE FOR YOUR iPHONE
भरोसेमंद BEST सर्विस
अब iPhone की रिपेयरिंग के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं।
स्क्रीन रिपेयर | बैटरी रिपेयर | कैमरा रिपेयर | मदरबोर्ड रिपेयर
I-REPAIR पर iPhone की स्क्रीन, बैटरी, कैमरा, मदरबोर्ड सहित सभी प्रकार की रिपेयरिंग की सुविधा।
विशेषज्ञ तकनीशियन द्वारा भरोसेमंद एवं बेहतर सर्विस।
बिजनौर रोड, चांद तारा मस्जिद के पास, नूरपुर (बिजनौर)

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



तक्ष चौधरी पुत्र श्री सुमित चौधरी, झालू ( बिजनौर )

# एच. एम. पब्लिक स्कूल में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

**बिजनौर ( चिंगारी )।** हरपति मेमोरियल पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूल के चेयरमैन अशोक कुमार चौधरी, प्रबंधिका कुसुम चौधरी, स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव सहरावत तथा कॉर्डिनेटर्स ने मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा अंशिका चौधरी व अंजलि चौधरी ने किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों में तक्ष चौधरी कक्षा नर्सरी व अन्य बच्चों ने भगवान कृष्ण की वेशभूषा धारण करके सबका मन मोह लिया। ईशान, दिव्या शर्मा, खुशी, नैना, हार्दिक, हनी, अनाया, देवांश, कुशन, जेशीखा, अनिरुद्ध, नीतव, अवनी शर्मा ने डांस प्रस्तुत किया। कक्षा 3 की छात्रा अवनी शर्मा को स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव सहरावत ने बच्ची के डांस से प्रभावित होकर इस बच्ची को 500 का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मटकी फोड़ एक्टिविटी में उत्सव, सरस, शौर्य, दिव्यांशु, नवरत्न, निर्दोष आदि छात्रों ने प्रतिभाग लिया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का यह कार्यक्रम मैडम आंचल वर्मा, हिमानी वत्स व अंशु रानी आदि शिक्षकों के नेतृत्व में सम्पन्न किया गया। मैडम सोफिया खातून ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म पर अपने विचार व्यक्त किये। अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव सहरावत ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने बाल लीलाएं कीं, जिसमें उन्होंने राक्षसों का वध करके उनके अत्याचारों से मुक्त कराया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

धमाका धमाका धमाका
पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में
कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट ( दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद )
कोई भी Knee Cap ( घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी )
कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें
हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**
गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।

# 70वीं मंडलीय बास्केट वॉल प्रतियोगिता हुई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सेंट मेरीस इंटर कॉलेज नूरपुर में 70वीं मण्डली बास्केटवॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रामपुर, अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद जिलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा फीता काटकर मैच शुरू कराया गया। विद्यालय के पीटीआई मो. इरफान व आंचल रानी रहे। जबकि मो. राशिद, अशोक कुमार त्यागी, मो. शारिक, मौ. शबी, आदित्य वर्मा व मौ. अदनान ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में अंडर 14, 17 व 19 की बालक/बालिका वर्ग की टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें बालिका वर्ग में अंडर 19 टीम ने मुरादाबाद विजय रही। बालक वर्ग में अंडर 14, 17, 19 वर्ग में अमरोहा, बिजनौर व मुरादाबाद विजयी रहे।

Shine 100 DX
SOLID माइलेज़
एक्स-शोरूम (उत्तर प्रदेश) ₹70446*
ऑफर मूल्य (उत्तर प्रदेश) ₹62999*
HONDA
लिमिटेड पीरियड ऑफर
डाउन पेमेंट ₹4999*
इंस्टेंट कैशबैक ₹10000*
नकद छूट ₹5100*
डिजिटल मीटर
एवरेज माइलेज इंडिकेटर | लाइव माइलेज इंडिकेटर | रेंज इंडिकेटर
डिजिटल मीटर / 5-स्टेप एडजस्टेबल रियर सस्पेन्शन / ट्यूबलेस टायर्स / स्टाइलिश क्रोम प्लेटिंग / वाइड फ्यूल टैंक
चौधरी होण्डा
स्टेशन रोड, बिजनौर
मण्डावर ब्रांच- बिजनौर रोड निकट बिजली घर, मण्डावर, बिजनौर
M. 9927224422, 8958224422

**भली लगे या बुरी...**

# क्या हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं?

सरकार भले ही विकास के लाख दावे कर रही हो और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देशवासियों को दिखाया जा रहा हो, मगर समाज के विभिन्न वर्गों की जिंदगी आज भी बदतर स्थिति में है। यहां तक कि बचपन भी सुरक्षित नहीं है। बच्चों के प्रति अपराधों का ग्राफ कम होने के बजाए निरन्तर बढ़ रहा है। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार से पूछा है कि पिछले कुछ वर्षों में गायब हुए और अब तक लापता 70 हजार बच्चे कहां गये। सरकार इसका जो भी जवाब दे, लेकिन सच्चाई यह है कि इनमें से अधिकतर चाइल्ड सेक्स और भीख/मजदूरी आदि की दुनिया में धकेले जा चुके हैं। महानगरों की ठसाठस भरी बसों में बेसुरे स्वर में गाना गाकर भीख मांगते बच्चों को सुनकर अब शायद ही किसी के दिल में कसक उठती हो। चिथड़ों में लिपटे और नंगे पैर चार से आठ-दस साल की उम्र के ये बच्चे भोर होते ही बसों में गाने लगते हैं। गाना पूरा करने के बाद दुत्कार के साथ कुछ एक से पैसा मिल जाने की खुशी भले ही इन्हें होती हो, लेकिन यह खुशी इस देश के लिए कितनी महंगी पड़ेगी, इस पर गौर करने का कष्ट कोई भी शासकीय या स्वयंसेवी संगठन नहीं कर रहा है। इसी तरह सड़कों पर कूड़ा बीनते बच्चों के मुरझाये चेहरों और फटेहाल बदन को देखकर शायद ही अब किसी के चेहरे पर दुख और पीड़ा के भाव उभरते हों। ऐसा लगता है जैसे ये अभागे समाज का हिस्सा ही न हों। दूर जाने की आवश्यकता नहीं है, बिजनौर शहर में ही आप रेलवे स्टेशन के आसपास तथा दूसरे कई स्थानों पर महिलाओं और पुरषों के साथ-साथ छोटे-छोटे बच्चों को खुले आसमान के नीचे गर्मी, सर्दी, बरसात में जमीन पर ऐसे पड़े हुए देख सकते हैं, जैसे उनकी रगों में खून ही न बहता हो। स्वाभाविक है कि इनमें से कितने ही बच्चों के गलत कामों में जुड़ने की आशंका रहती है और जब ये कोई समाज विरोधी काम करते हैं तो आमतौर पर यह प्रतिक्रिया सुनने को मिलती है कि ये तो हैं ही जन्मजात चोर, नशेड़ी। क्या कभी किसी ने यह जानने की कोशिश की कि ये किन हालात में जन्म लेते हैं और जन्म लेते ही इन्हें किस तरह की परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। कोई भी बच्चा मां के पेट से अपराधी या नशेड़ी बनकर दुनिया में नहीं आता। यह भी हमारे इसी समाज का हिस्सा हैं और इन्हें बेहतर जिंदगी देने की जिम्मेदारी सरकार, समाज और संस्थाओं की भी है।

# मोबाइल की चमक में धुंधले पड़ते पारिवारिक रिश्ते

**आज मोबाइल फोन हमारी जिंदगी का ऐसा हिस्सा बन चुका है जिसके बिना दिन अधूरा-सा लगता है। सुबह आंख खुलते ही मोबाइल देखना, दिन भर संदेशों और सोशल मीडिया में व्यस्त रहना और रात को सोने से पहले आखिर बार स्क्रीन देखना, अब आम बात हो गई है। मोबाइल ने हमारी जिंदगी को आसान जरूर बनाया है, लेकिन इसी सुविधा ने धीरे-धीरे हमारे पारिवारिक रिश्तों के बीच एक अदृश्य दीवार भी खड़ी कर दी है ।**

एक समय था जब शाम होते ही बच्चे माता-पिता के पास बैठते थे, स्कूल की बातें होती थीं, दिन भर के अनुभव साझा किए जाते थे, बच्चे अपनी छोटी-छोटी परेशानियां बताते थे और माता-पिता उन्हें ध्यान से सुनते थे। घर में बातचीत के लिए इंटरनेट कनेक्शन की जरूरत नहीं होती थी। आज स्थिति कुछ अलग है एक ही कमरे में माता-पिता और बच्चे बैठे रहते हैं, लेकिन सभी की नज़रें अलग-अलग मोबाइल स्क्रीन पर टिकी होती हैं। शरीर घर में होता है, लेकिन ध्यान कहीं और।

विडंबना यह है की माता-पिता अक्सर बच्चों से कहते हैं, मोबाइल कम चलाओ लेकिन कई बार खुद ही घंटों मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। बच्चा कुछ कहने आता है, तो जवाब मिलता है हां बेटा बोलो मैं सुन रहा हूं, मगर नज़रें मोबाइल स्क्रीन से नहीं हटतीं। बच्चा अपनी बात कह देता है, लेकिन उसके मन में यह सवाल जरूर है जाता है कि क्या उसकी बात सच में सुनी गई?

यहीं से भावनात्मक दूरी की शुरुआत होती है। बच्चों को केवल भोजन, कपड़े, अच्छी शिक्षा और सुविधाएं ही नहीं चाहिए होतीं, उन्हें माता-पिता का समय और ध्यान भी चाहिए। जब यह समय मोबाइल से लेता है तो बच्चा धीरे-धीरे अपनी दुनिया मोबाइल के भीतर तलाशने लगता है। वीडियो गेम और सोशल मीडिया उसके मनोरंजन के साधन ही नहीं रहते, बल्कि कई बार उसके साथी बन जाते हैं ।

आज के घरों का एक दृश्य बेहद सामान्य हो गया है। मां



कहती है बेटा खाना खा लो, जवाब आता है बस 2 मिनट, 2 मिनट बीतते हैं, फिर 5 मिनट और फिर पता चलता है कि खाना ठंडा हो चुका है। इसी तरह पिता बच्चों से बात करता रहता है, लेकिन बीच में मोबाइल की घंटी या कोई नोटिफिकेशन बातचीत को रोक देता है। धीरे-धीरे यह छोटी-छोटी घटनाएं परिवार के साथ बिताए जाने वाले समय को कम करती जाती हैं।

स्थिति को बदलने के लिए मोबाइल को जिंदगी से निकलना जरूरी नहीं है, ज़रूरत केवल संतुलन की है। परिवार में यह तय किया जा सकता है कि खाना खाते समय मोबाइल का इस्तेमाल नहीं होगा। रोज कुछ ऐसा समय हो जब माता-पिता और बच्चे बिना किसी स्क्रीन के साथ बैठकर बातचीत करें। बच्चों के साथ खेलना, टहलने जाना, किताब पढ़ना या केवल दिनभर की बातें सुनाना ही, छोटी-छोटी चीज रिश्तों को मजबूत बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाती है। माता-पिता को यह भी समझना होगा कि बच्चों को केवल अनुशासन की जरूरत नहीं, संवाद की भी जरूरत है। अगर बच्चा गलती करे तो तुरंत मोबाइल छीन लेने की बजाई यह जानने की कोशिश करनी चाहिए कि वह मोबाइल में इतना समय क्यों बीता रहा है? इसी तरह बच्चों को भी यह समझना होगा कि मोबाइल पर मिलने वाला मनोरंजन परिवार के साथ बिताए गए समय का विकल्प नहीं हो सकता।

मोबाइल की बैटरी खत्म होने पर उसे चार्ज किया जा सकता है, लेकिन रिश्तों में आई दूरी को दूर करने के लिए समय, प्यार और समझ की जरूरत होती है, इसलिए मोबाइल का इस्तेमाल जरूर करें, लेकिन इतना नहीं कि घर में लोग साथ रहें और रिश्ते ऑनलाइन हो जाएं।



**▶▶ नंदिनी सिंह**

# राजस्व के लिए शराब का हो रहा प्रदेश में व्यापार

प्रदेश में सरकर चलाने के लिए प्रदेश का विकास करने के लिए प्रदेश के विधायकों के वेतन भत्ते और पूर्व विधायकों को फ्री की पेंशन के लिए नौकरशाह के वेतन भत्तों के लिए और गरीबों को मुफ्त में राशन बांटने के लिए धन की आवश्यकता तो होती है। बड़े-बड़े हाईवे, फैक्ट्रियां और बाध, अच्छी सड़कें बनाने के लिए धन की आवश्यकता तो होती ही है।



इस धन के लिए सरकार को तमाम टैक्स लगाने पड़ते हैं। सरकार को टैक्स देने के लिए एक टैक्सदाता है, जो समाज में गिरी हुई नज़रों से देखा जाता है, वह है मदिरा प्रेमी। सबसे ईमानदारी से शराब खरीद पर टैक्स देता है। सबसे ईमानदार आबकारी विभाग अधिक राजस्व वसूली के लिए तामम तरह की योजनाएं चलाता है। आबकारी विभाग ने सनातन धर्म की कुछ जातियों को मिटाने, सर्वनाश करने की सुपारी ले रखी है। मैं उन जातियों का नाम तो नहीं लिखूंगा। इस विभाग ने हर हिंदू गांव में हर नुक्कड़ पर शराब की दुकान खोल दी है। यह दुकान हिंदू बहुल्य क्षेत्र में अधिक खोली जाती है, सबसे ज्यादा टैक्स भी इन मदिरा प्रेमियों से ही वसूला जाता है। दूसरे धर्म के लोग शाम के समय में अपने धर्मिक स्थल पर मौजूद रहते हैं, आपसी बाते करते हैं, परन्तु आबकारी विभाग (हिन्दू विनाशकारी विभाग) की मेहरबनी से हर गांव के हिंदू जवान और नौजवान, सूर्य ढलते ही शराब की दुकानों की शरण में शणागत हो जाते हैं।

शराब बनाने वाला अरबपति, बेचने वाला करोड़पति और आबकारी विभाग के अधिकारी भी करोड़पति और इस शराब को पीने वाला हिंदू नौजवान रोडपति। सनातन की हिंदू जातियों को धीरे-धीरे समाप्त करने लिए और फिर से इस्लामिक गुलाम बनाने के लिए खुद आबकारी ही शराब को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

भाजपा भी मूक दर्शक है। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस तो चहती है सनातन की कुछ जातियां शरबी हो जाए। चुप जो रहते हैं बड़े-बड़े समाज सुधारक, समाजसेवी, टीवी पर छोटे-छोटे मुद्दों पर बहस करने वाले नेता कहां हैं। शराब के धीमे ज़हर से सरकार का तो मुंह मीठा हो जाता है। विकास के बायदे भी पूरे हो जाते हैं, परन्तु सनातन की कुछ जातियों का नाश होते हुए देखकर कौन लोग खुश हैं? ऐसे विकासशील भारत का हम क्या करेंगे, जब हमारी सनातन की नस्लें, जातियां, हमारी जनसंख्या ही जीवित नहीं होंगी।

प्रदेश में सबसे ज्यादा टैक्स शराब और सुरा प्रेमियों से वसूला जाता है। इन ग़रीबों को पहले शराब, सिगरेट, गुटखा खिलाकर कैंसर की तरफ मोड़ा जाता है, फिर मोटी धनराशि से कैंसर के अस्पताल खोले जाते हैं, फिर आयुषमान कार्ड थमाकर 5 लाख का मुफ्त इलाज किया जाता है। इस आबकारी विभाग की मेहनत से हिन्दूओं में शराब का दुष्परिणाम समाज में, परिवार में टूटते घर, महिला उत्पीड़न, आत्महत्या, वाद-विवाद, मारपीट, हत्या के रूप में थाने, तहसीलों में दिखाई दे रहे हैं।

मेरा सनातन प्रेमी योगी जी से निवेदन है कि राजस्व के लिए सनातन के युवाओं की सुपारी ईमानदार आबकारी विभाग से छीन लें, कोई और विभाग की उत्पत्ति करें। राजस्व के लिए कोई और विभाग बना दें।



**▶▶ वीरेन्द्र कुमार राजपूत**
सामाजिक कार्यकर्ता
मौ. गोकुलनगर, चांदपुर, 9410600136

# विश्व वॉलीबाल चैंपियनशिप में चमके आर्यन, खुश हुआ सबका मन

## नेहरू स्टेडियम में हुआ सम्मान, मौसम भैया ने दिये 51 हजार

**बिजनौर (चिंगारी)।** दोहा, कतर में आयोजित अंडर-17 विश्व वॉलीबाल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर भारत और जनपद बिजनौर का नाम रोशन करने वाले आर्यन गंगवाल का बुधवार को नेहरू स्टेडियम बिजनौर में जिला वॉलीबाल संघ की ओर से स्वागत एवं सम्मान किया गया। दोहा में अंडर-17 विश्व वॉलीबाल चैंपियनशिप का आयोजन 19 अगस्त से 29 अगस्त 2026 तक किया गया था। प्रतियोगिता में आर्यन गंगवाल ने शानदार प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम के दौरान एडवोकेट मौसम भैया ने खिलाड़ियों से किये अपने वादे के तहत आर्यन गंगवाल को 51 हजार रुपये की धनराशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी नेशनल स्तर पर पदक जीतेंगे अथवा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर लौटेंगे, उन्हें 51 हजार रुपये के साथ आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।



आर्यन को सम्मानित करते हुए मौसम भैया।

मौसम भैया ने मंच से घोषणा करते हुए कहा कि तीन माह के भीतर वॉलीबाल का सिंथेटिक कोर्ट बनवाया जाएगा। इसके साथ ही सभी खेलों के खिलाड़ियों को खेल उपकरण उपलब्ध कराने का कार्य 15 दिन के भीतर किया जाएगा। उन्होंने हॉकी खिलाड़ियों के लिए हॉकी की सामग्री और सभी खिलाड़ियों को किट उपलब्ध कराने की भी घोषणा की।

इस अवसर पर जिला वॉलीबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी, उपाध्यक्ष ओमवीर राणा, सचिव अजीत तोमर, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, जिला तैराकी संघ के सचिव बीपी सिंह, हॉकी कोच चित्र चौहान, अंशु प्रिया, जितेंद्र, विशाल सहित विभिन्न खेलों के कोच एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

# आउटसोर्स कर्मियों को अब हर माह 5 तारीख तक मिलेगा वेतन

## सीएम योगी ने किया उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ

**बिजनौर (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में आउटसोर्स कार्मिकों के बढ़े हुए पारिश्रमिक की घोषणा एवं उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के पोर्टल के शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार श्रम का सम्मान करती है और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब आउटसोर्स कार्मिकों को प्रत्येक माह की 5 तारीख तक वेतन मिल जाएगा। वेतन से ईपीएफ और ईएसआई का अंशदान नियमित रूप से कटेगा तथा ईएसआई के माध्यम से आयुष्मान कार्ड की सुविधा भी मिलेगी। आउटसोर्स एजेंसी का सर्विस चार्ज अब सरकार वहन करेगी, जिसकी कटौती कर्मचारियों के वेतन से नहीं होगी। साथ ही 20 से 50 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा भी उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया ने कहा कि आउटसोर्स कर्मियों के पारिश्रमिक में बढ़ोतरी और सुविधाओं से उनके जीवन में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने इसे ऐतिहासिक कदम बताया। नगर पालिका परिषद बिजनौर की अध्यक्ष इंदिरा सिंह ने बताया कि जिले की नगर निकायों में 3104 आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें 650 कर्मचारी अकेले बिजनौर नगर पालिका में हैं। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने आउटसोर्स कार्मिकों को बढ़े हुए पारिश्रमिक और सुविधाओं के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जिला पंचायत प्रशासक साकेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित सहित अन्य अधिकारी एवं आउटसोर्स कार्मिक मौजूद रहे।



# नगर पालिकाकर्मियों व सभासदों ने कार्यालय में देखा यूपीसीओएस का सीधा प्रसारण

**नगीना (चिंगारी)।** प्रदेश सरकार के यूपीसीओएस इवेंट का सीधा प्रसारण बुधवार की सुबह नगर पालिका कार्यालय में पालिका कर्मियों व सभासदों ने देखा। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम (यूपीसीओएस) पोर्टल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में लॉन्च किया। इस मौके पर उनके साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक एवं सरकार के तमाम आला अधिकारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का टीवी पर लाइव प्रसारण किया गया। नगर पालिका परिषद सभागार में ईओ सतीश कुमार, नामित सभासद डॉ. भूपेश चौहान, सभासद रामकुमार यादव, गोपाल शर्मा, राजकुमार, कपिल पवार, मोहम्मद शानू, लिपिक तलत अहमद, मोहम्मद असलम, रोहित कुमार, सिद्दीक मुल्तानी आदि मौजूद रहे।



# हर्ष फायरिंग के आरोपों की जांच में वायरल वीडियो निकला संदिग्ध

**स्योहारा (चिंगारी)।** मुजाहिदपुर खिड़का गांव में हर्ष फायरिंग का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे वीडियो के मामले में पुलिस जांच में शिकायत के विपरीत तथ्य सामने आए हैं। एक ग्रामीण की ओर से पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र देकर वीडियो के आधार पर कार्रवाई की मांग की गई थी। मामले में आरोप लगाया गया था कि गांव का एक युवक हर्ष फायरिंग कर रहा है और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शिकायत में संबंधित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई थी। साथ ही आरोप लगाया गया था कि पूर्व में भी इस मामले को लेकर थाना प्रभारी को प्रार्थना-पत्र दिए गए, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मामले में धामपुर क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार ने बताया कि जांच में पता चला कि दोनों पक्षों के बीच आपसी मनमुटाव है और इसी कारण वे एक-दूसरे पर आरोप लगाते रहते हैं। सीओ के मुताबिक, शिकायत में जिस वीडियो को मुजाहिदपुर खिड़का गांव का बताया गया है, वह जांच में उक्त गांव का प्रतीत नहीं होता। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वीडियो में जिस व्यक्ति को आरोपी बताया गया है, वह भी संबंधित व्यक्ति नहीं है।

# तटबंध का निर्माण कराओ अब धरने पर बैठे हैं ग्रामीण सब



**चांदपुर (चिंगारी)।** खादर क्षेत्र में बाढ़ की रोकथाम के लिए गंगा किनारे तटबंध बनाये जाने की मांग को लेकर पांडव नगर पुलिस चौकी के पास दिया जा रहा धरना आज 15वें दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में खादर क्षेत्र बाढ़ का पानी आ जाने से फसलों के नष्ट हो जाने से किसानों को भारी नुकसान पहुंचता है। ग्रामीणों ने बाढ़ की रोकथाम के लिए गंगा किनारे तटबंध बनाये जाने की मांग की। सुरेश कुमार कश्यप ने बताया कि खादर क्षेत्र कई गांवों में पानी आ जाने के कारण आज होने वाली महापंचायत फिलहाल आगे बढ़ा दी गई। धरने पर निखिल त्यागी, रविन्द्र त्यागी, सुरेश कुमार कश्यप, शिव कुमार शास्त्री, राहुल सिंह, करतार सिंह, सूरजभान सिंह आदि सहित बाढ़ग्रस्त गांवों के बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीडीपीएस में मनाया गया सांसद रुचि वीरा का जन्मदिन



**बिजनौर (चिंगारी)।** दयावती धर्मवीरा पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह एवं विद्यालय की प्रबंधक तथा सांसद, मुरादाबाद, श्रीमती रुचि वीरा के जन्मदिन का आयोजन बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य राजीव थामस एवं स्कूल हेडमिस्ट्रेस एस्तर रुद्रा ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में कुंवर उदयन वीरा, कुंवरानी रुचि वीरा, प्रवीण गुप्ता, खुशनूद खां सदस्य प्रबंध समिति, कैप्टन बिशनलाल पूर्व प्रधानाचार्य आर.जे.पी. इंटर कॉलेज, राहुल चौधरी सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को उनके पदों के अनुरूप बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के नवनिर्वाचित हेड बॉय लक्ष्य बालियान ने अपने पद एवं कर्तव्यों के प्रति निष्ठा की शपथ ग्रहण की। रुचि वीरा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अनुशासन, नेतृत्व, जिम्मेदारी एवं विद्यालय की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती रुचि वीरा का जन्मदिन भी अत्यंत उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर केक काटा गया तथा मैडम को कार्ड एवं उपहार भेंट किए गए। विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां एवं जन्मदिन गीत प्रस्तुत किये गये। सौरभ राजवंशी ने भी प्रबंधिका को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन सुश्री निदा जैदी एवं विद्यार्थियों द्वारा किया गया। अंत में हेड गर्ल गौरी सिंह ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# गौकशी के आरोपी की टांग में लगी गोली

## पुलिस ने दो आरोपियों को मुठभेड़ में पकड़ा, एक फ़रार

**स्योहारा ( चिंगारी )।** गौकशी करने वालों की खैर नहीं है, लेकिन फिर भी वे बाज नहीं आ रहे। ग्राम शाहपुर खेड़ी में गौवंश के अवशेष मिलने पर पुलिस फॉर्म में आई और मुठभेड़ में दो आरोपियों को पकड़ लिया, जबकि एक अन्य फरार होने में कामयाब रहा। मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया।

मगलवार को गांव शाहपुर खेड़ी में एक मृतक का अंतिम संस्कार करने श्मशान घाट पहुंचे ग्रामीणों को गांगन नदी के पास गौवंशीय अवशेष दिखे, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अवशेषों का चिकित्सीय परीक्षण कराकर जमीन में दबा दिया और घटना में शामिल लोगों की तलाश शुरू कर दी। मुखबिरों को भी लगाया गया। आज सुबह सवेरे पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तगण मोटरसाइकिल से ग्राम जुझैला के जंगल की ओर आने वाले हैं। पुलिस टीम द्वारा तत्काल बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। पुलिस के मुताबिक इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। स्वयं को घिरता देख मोटरसाइकिल सवारों के द्वारा पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी गई।


मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

पुलिस जवाबी फायरिंग में फिरोज पुत्र साकिब निवासी ग्राम शाहपुर खेड़ी घायल हो गया तथा विपिन पुत्र ऋषिपाल सिंह निवासी ग्राम कमाला को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि एक अभियुक्त अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए व्यक्तियों के कब्जे एवं मौके से दो तमंचे, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस, गौकशी के उपकरणों ( 01 चापड़, 02 छुरी, 02 रस्से आदि) तथा 01 मोटरसाइकिल प्लैटिना बरामद हुई। अभियुक्तों के कब्जे से घटनास्थल के पास से ही एक गौवंशीय जीवित पशु (बछड़ा) को रेस्क्यू किया गया।

पुलिस ने बताया कि फरार आरोपी का नाम राजू पुत्र खलील निवासी ग्राम रहटा बिलौच, थाना नूरपुर है। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है, जबकि फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।










★5999 रुपये के डाउन पेमेंट पर कोई भी स्कूटर अपने घर ले जायें।
★5000 तक के बेनिफिट
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407


# जन्माष्टमी पर 15 साल बाद बन रहा है 'जयंती योग'

सिविल लाइंस स्थित धार्मिक संस्थान विष्णुलोक के ज्योतिषविद् पंडित ललित शर्मा के सुपुत्र पंडित अभिलाष शर्मा ने बताया कि इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व 4 सितंबर, दिन शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस बार जन्माष्टमी की मध्यरात्रि में ठीक वैसा ही दुर्लभ संयोग बन रहा है, जैसा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय बना था। अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र और वृषभ राशि में चंद्रमा की उपस्थिति, जब भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र का एक साथ मध्यरात्रि में संयोग बनता है, तब जयंती योग का निर्माण होता है। यह विशेष और अतिशुभकारी संयोग पूरे 15 साल बाद घटित हो रहा है, जो बिल्कुल वैसा ही है जैसा द्वापर युग में भगवान कृष्ण के जन्म के समय था। जयंती योग में भगवान कृष्ण की पूजा और व्रत करने से जातक के तीन जन्मों के जाने-अनजाने में किए गए पापों का क्षय हो जाता है। इस दिन किए गए दान, जप और कीर्तन का फल आम दिनों की तुलना में कई गुना अधिक और अक्षय होता है एवं इस योग के दौरान किसी बालक का जन्म होता है, तो वह अत्यंत मेधावी, कला-प्रेमी और अपने कुल का नाम रोशन करने वाला होता है। पंडित अभिलाष शर्मा ने बताया कि भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 4 सितंबर को प्रात: 2 बजकर 25 मिनट पर शुरू होगी और



5 सितंबर को रात 12 बजकर 13 मिनट तक रहेगी। उदयातिथि के अनुसार 4 सितंबर को पूरे दिन अष्टमी तिथि रहेगी। वहीं इस दिन रोहिणी नक्षत्र रात 11 बजकर 04 मिनट तक रहेगा। चूंकि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म मध्यरात्रि में माना जाता है, इसलिए जन्माष्टमी की पूजा के लिए रात के समय अष्टमी तिथि का होना महत्वपूर्ण है। इस गणना के आधार पर इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शुक्रवार, 4 सितंबर को मनाया जाएगा। इस वर्ष जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा के लिए मध्यरात्रि का समय सबसे महत्वपूर्ण रहेगा। पूजा का शुभ समय रात 11 बजकर 57 मिनट से 12 बजकर 43 मिनट तक रहेगा। इसी अवधि में बाल गोपाल का जन्मोत्सव मनाया जाएगा और विधि-विधान से पूजा की जाएगी।



इसके अलावा ब्रह्म मुहूर्त प्रात: 4 बजकर 30 मिनट से 5 बजकर 15 मिनट तक रहेगा। ऐसे दुर्लभ और अतिशुभकारी संयोग में भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण, संकीर्तन एवं भक्ति साधना जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और श्रीकृष्ण कृपा का संचार करती है। जन्माष्टमी की मध्यरात्रि में जब शंखनाद के साथ 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' का जयघोष गूंजेगा, तब श्रद्धालु अपने आराध्य के जन्मोत्सव के साक्षी बनेंगे। इस पावन अवसर पर प्रेम, भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प ही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की सच्ची सार्थकता है।


**-पंडित अभिलाष शर्मा**
'विष्णुलोक' सिविल लाइन
पंजाब नेशनल बैंक के
बराबर में, बिजनौर
मो. 9457563232


# वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौधरी फहीमुर्रहमान का निधन

**स्योहारा ( चिंगारी )।** कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव चौधरी फहीमुर्रहमान का लम्बी बीमारी के चलते 65 वर्ष की उम्र निधन हो गया। चौधरी फहीमुर्रहमान ने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर सुनते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गयी और अंतिम दर्शन करने वालों का कुरी हाउस पर तांता लग गया। चौधरी फहीमुर्रहमान नगर के प्रसिद्ध राजनीतिक घराने कुरी हाउस से थे और अपने पूर्वजों की विरासत को थामे हुए थे। कांग्रेस पार्टी में लम्बे समय से नगर अध्यक्ष रहे और वर्तमान में जिला सचिव के रूप में पार्टी को अपनी सेवा दे रहे थे। चौधरी फहीमुर्रहमान के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए राजनैतिक दलों के नेता, व्यापारी, सामाजिक संस्थाओं के प्रबंधन, पत्रकार व अन्य पहुंचे।



### हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक थे

चौधरी फहीमुर्रहमान समाज के लिए एक सम्मानित नाम था। हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल चौधरी फहीमुर्रहमान नगर में किसी भी धर्म की शोभायात्रा निकलती तो पहले ही पहुंच जाते थे। अपने आवास के सामने से निकलने वाली हर शोभायात्रा का स्वागत करते और सभी को जलपान कराते थे। होली पर रंग के जुलुस में चौधरी फहीमुर्रहमान जुलुस में शामिल होते और आपसी भाईचारे की मिशाल पेश करते थे। श्री डी.आर. दानी महिला महाविद्यालय के संरक्षक तथा बिड़ला पब्लिक कन्या इंटर कॉलेज की समिति में सदस्य थे। प्रेस क्लब स्योहारा में भी सरक्षंक रहे थे।

### सभी पार्टी के नेता देते थे सम्मान

चौधरी फहीमुर्रहमान नगर के ऐसे नेता थे, जिन्हें सभी पार्टियों के नेता सम्मान और प्यार देते थे। अलग अलग राजनैतिक पार्टियों के नेताओ का शुरूआती दौर इसी घराने से शुरू हुआ है । जिसके चलते सभी राजनैतिक दलों के नेता चौधरी फहीमुर्हमान को दिल से सम्मान देते और घर पर आना-जाना लगा रहता था।

### कल किया जाएगा सुफुर्द-ए-खाक

परिजनों ने बताया कि चौधरी फहीमुर्रहमान के पुत्र विदेश में होने के कारण कल जुमे की नमाज़ के बाद इस्लाम नगर स्थित कब्रिस्तान में उन्हें सुफुर्द ए खाक किया जाएगा । चिंगारी परिवार चौधरी फहीमुर्रहमान की मगफिरत की दुआ करता है।

# चांदपुर तहसील में 5 सितंबर को होगा संपूर्ण समाधान दिवस

**बिजनौर ( चिंगारी )।** तहसील चांदपुर में 5 सितंबर, शनिवार को मंडलायुक्त मुरादाबाद मंडल श्रीमती संगीता सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे और आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। संपूर्ण समाधान दिवस के बाद मंडलायुक्त एक करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली दो परियोजनाओं का भौतिक निरीक्षण भी करेंगी। वहीं, जिले की अन्य तहसीलों में रोस्टर के अनुसार संबंधित अधिकारियों की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा।

# तीन दिन तक बंद रहेगा बुंदकी रेलवे फाटक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नजीबाबाद में मुर्शदपुर-बुंदकी मार्ग स्थित रेलवे फाटक संख्या 478/ए द्वारिकेश शुगर मिल फाटक तीन दिन के लिए बंद रहेगा। रेलवे ट्रैक पर मरम्मत कार्य के चलते इस फाटक से वाहनों की आवाजाही रोक दी जाएगी। रेलवे ने यातायात को वैकल्पिक मार्ग से संचालित करने की व्यवस्था की है। सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेलपथ नजीबाबाद ने एसडीएम नजीबाबाद को भेजे पत्र में कहा है कि द्वारिकेश शुगर मिल फाटक पर तीन सितंबर की सुबह आठ बजे से पांच सितंबर की शाम आठ बजे तक रेलपथ का अनुरक्षण कार्य कराया जाएगा। इस दौरान पुराने स्लीपर बदलने, ट्रैक की ओवरहालिंग और सड़क की सतह दुरुस्त करने का काम होगा। कार्य के चलते फाटक को उक्त अवधि में सड़क यातायात के लिए पूरी तरह बंद रखा जाएगा। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन रेलवे फाटक संख्या 477/बी और जटपुरा गांव के रास्ते वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल कर सकेंगे। रेलवे प्रशासन ने स्थानीय प्रशासन से यातायात को वैकल्पिक मार्ग पर डायवर्ट कराने और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है।

# बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के लिए विशेष टीईटी की राह साफ, 150 अंकों की होगी परीक्षा

## प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के कार्यरत शिक्षकों के लिए आयोजित होगी स्पेशल TET, 150 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे शामिल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों एवं विशेष शिक्षक के लिए विशेष अध्यापक पात्रता परीक्षा आयोजित किए जाने की प्रक्रिया अब आगे बढ़ गई है। बेसिक शिक्षा विभाग ने 2 सितंबर को जारी पत्र में परीक्षा आयोजन से संबंधित कार्ययोजना को स्पष्ट करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

विभागीय पत्र के अनुसार, विशेष अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) तथा उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) के शिक्षकों के लिए किया जाएगा। परीक्षा के आयोजन का निर्णय न्यायालयों के आदेशों तथा शासन द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना के क्रम में लिया गया है।

### 150 प्रश्न, 150 अंक और 150 मिनट

स्पेशल TET की परीक्षा अवधि 2 घंटे 30 मिनट अर्थात 150 मिनट निर्धारित की गई है। परीक्षा में कुल 150 बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) होंगे और प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। परीक्षा में निगेटिव मार्केटिंग नहीं होगी। प्रश्न-पत्र का माध्यम सामान्यत: हिन्दी एवं अंग्रेजी रहेगा, जबकि भाषा विषयों को इससे अलग रखा गया है।

### प्राथमिक स्तर पर पांच खंड

कक्षा 1 से 5 के लिए प्रस्तावित परीक्षा में बाल विकास एवं शिक्षण विधि, हिन्दी, द्वितीय भाषा, गणित तथा पर्यावरण अध्ययन को शामिल किया गया है। प्रत्येक खंड से 30 प्रश्न निर्धारित हैं और इस प्रकार कुल 150 प्रश्न होंगे।

### उच्च प्राथमिक स्तर के लिए विषय विकल्प

कक्षा 6 से 8 के लिए भी परीक्षा में बाल विकास एवं शिक्षण विधि तथा दोनों भाषाओं के साथ विषय आधारित खंड रखा गया है। गणित/विज्ञान के शिक्षक के लिए गणित-विज्ञान तथा सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान के शिक्षक के लिए संबंधित विषय का प्रावधान किया गया है। विभागीय दस्तावेज में विशेष रूप से स्पष्ट किया गया है कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक उच्च प्राथमिक स्तर की Special TET की पात्रता के दायरे में आते हैं।

### अर्हता अंक भी निर्धारित

परीक्षा में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 60 प्रतिशत अर्थात 150 में 90 अंक निर्धारित किए गए हैं। वहीं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित/भूतपूर्व सैनिक तथा दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 55 प्रतिशत अर्थात 150 में 82 अंक निर्धारित किए गए हैं।

### OTR के बाद ऑनलाइन आवेदन

विभागीय पत्र में कहा गया है कि One Time Registration (OTR) के बाद अभ्यर्थी स्पेशल TET के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा शुल्क का निर्धारण परीक्षा के आयोजन से पूर्व किया जाएगा।

### शिक्षकों में बढ़ी उत्सुकता

स्पेशल TET के आयोजन की प्रक्रिया सामने आने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों के बीच परीक्षा को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। खासकर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक परीक्षा की पात्रता, विषय चयन, आवेदन प्रक्रिया और परीक्षा की अंतिम तिथि को लेकर जानकारी का इंतजार कर रहे हैं।

फिलहाल इतना तय है कि लंबे समय से चर्चा में रही Special TET को लेकर शासन स्तर पर प्रक्रिया औपचारिक रूप से आगे बढ़ चुकी है और बेसिक शिक्षा विभाग के हजारों कार्यरत शिक्षकों के लिए यह परीक्षा महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होने वाली है। **( समाचार स्त्रोत-शासनादेश )**

# यूजीसी एक्ट के विरोध में सड़कों पर उतरा सवर्ण समाज

## सवर्ण जाति से जुड़े कई संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन



नगीना में यूजीसी एक्ट रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते सवर्ण समाज के लोग।

**नगीना ( चिंगारी )। यूजीसी एक्ट रद्द करने व आर्थिक आधार पर आरक्षण व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर सवर्ण समाज के लोगों ने नगीना में विरोध प्रदर्शन किया। बाद में राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम प्रिंस कुमार को सौंपा।**

सर्वण समाज के सैकड़ों लोग बुधवार को सर्वब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा, क्षत्रिय सभा के जिला महामंत्री तिलकराज, अग्रवाल सभा के प्रधान शीतल अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, विशाल गुप्ता, डॉक्टर सतीश चौहान आदि के नेतृत्व में गांधी मूर्ति पार्क पर एकत्र हुए और जोरदार प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कंपाउंड में पहुंचे। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम प्रिंस कुमार को सौंपा गया, जिसमें यूजीसी एक्ट को रद्द करने तथा जातिगत आरक्षण को समाप्त कर आर्थिक आधार पर आरक्षण देने, एससी/एसटी वर्ग में भी क्रीमी लेयर का प्रावधान लागू करने व एक परिवार को केवल एक बार आरक्षण का लाभ दिए जाने की व्यवस्था करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वाले सर्वण समाज के लोगों में सुनिल शर्मा, सभासद गोपाल शर्मा, मोहित गोयल, मास्टर यशपाल सिंह, शरद अग्रवाल, अर्जुन चौहान, मोहित गर्ग, डॉ. मनोज शर्मा, सुधीर राणा, दर्शन त्रिपाठी, राजन अग्रवाल, अनूप कौशिक, निशीथ गर्ग सहित सवर्ण समाज के गणमान्य लोग शामिल रहे।

# गंगा को पूरा बहने दो - अमरीश कुमार



**छछरी मोड़ ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर जी की पवन तपोस्थली श्री विदुर कुटी गंगा घाट पर स्थित भारत माता लाइब्रेरी एवं मीटिंग हॉल में गंगा समग्र संगठन के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अमरीश कुमार की अध्यक्षता में एक मीटिंग संपन्न हुई। मीटिंग में गंगा समग्र संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां गंगा हमारी राष्ट्रीय धरोहर हैं। गंगा को पूरा बहने दो, गंगा को निर्मल रहने दो। गंगा में जो भी नदियां और अन्य जल आकर मिलते हैं, वह सब गंगाजल हो जाते हैं। संसार में ऐसी कोई भी नदी नहीं है, जिसमें मिलने से सब जल एक हो जाए, परंतु मां गंगा में वह शक्ति है, जो भी जल उसमें जाकर मिलता है, वह सब गंगाजल हो जाता है। गंगा मां में जो भी स्नान करता है, उसका तन-मन निर्मल और पवित्र हो जाता है। उसके दुख और पाप नष्ट हो जाते हैं। इसलिए मां गंगा का जल संसार में सभी जलों में उत्तम है। सभी को मोक्ष प्रदान करने वाली है। सबको सुख-समृद्धि और शांति प्रदान करती हैं। हम सबकी जिम्मेदारी है की गंगा में किसी भी प्रकार का प्रदूषण न करें और न करने दें। इस अवसर पर गंगा समग्र के विभाग संयोजक बृजपाल सिंह, गंगा पालक, दिवेश चौधरी, घाट प्रमुख कौशल अग्रवाल, महाशय रामेंद्र सिंह आर्य, समरपाल सिंह, सोपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, मूलचंद सिंह, आरती प्रमुख छकेन्द्र सिंह, हरवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# छात्रों ने स्केटिंग में किया शानदार प्रदर्शन

**किरतपुर ( चिंगारी )।** सेंट पीटर्स स्कूल किरतपुर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने विभिन्न रोलर स्केटिंग प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। 15 अगस्त को आयोजित 30 मिनट नॉन-स्टॉप स्केटिंग मैराथन-2026 में सेंट पीटर्स के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अबीर, वर्निका, आन्या, भुवन और आदित्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल जीते। 23 अगस्त को आयोजित प्रथम ओपन स्कूल रोलर स्केटिंग की एक और प्रतियोगिता में, जो कि जे.एस.आर. बैंक्ड ट्रैक, गाजियाबाद में आयोजित की गयी थी, में भी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसमें आन्या, भुवन और आदित्य ने स्वर्ण पदक, जबकि वर्निका ने रजत पदक प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर सेंट पीटर्स स्कूल प्रबन्धक रेवरेंड फादर बीजू व प्रधानाचार्या रेवरेंड सिस्टर निकिता ने सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट्स व मैडल्स देकर सम्मानित किया।

# नर्सिंग होम में डिलीवरी के बाद ज्यादा बिल वसूली का आरोप

## डीएम से जांच कराकर कार्रवाई की मांग

**किरतपुर ( चिंगारी )।** बिजनौर स्थित एक नर्सिंग होम में डिलीवरी के बाद निर्धारित शुल्क से अतिरिक्त धनराशि वसूलने और मरीज के परिजनों से कथित रूप से अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए किरतपुर निवासी एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है।

किरतपुर के मोहल्ला महाजनान निवासी व प्रेस क्लब के अध्यक्ष ऋतुज शर्मा ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी पूजा शर्मा को एक सितंबर को डिलीवरी के लिए बिजनौर में एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। डिलीवरी के बाद उनके द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान कर दिया गया। आरोप है कि इसके बाद नर्सिंग होम स्टाफ ने अतिरिक्त शुल्क की मांग की। शिकायतकर्ता का आरोप है कि डिलीवरी के दौरान इस्तेमाल की गई दवाइयों के लिए एमआरपी से अधिक कीमत वसूली गई तथा अधिक संख्या में बिल बनाकर भुगतान के लिए दिया गया। बिल को लेकर जानकारी मांगने पर स्टाफ ने कथित तौर पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और कहा कि जो बिल बनाया गया है, वही अंतिम है तथा नर्सिंग होम में इसी तरह के नियम-कायदे चलते हैं। ऋतुज शर्मा ने शिकायत के साथ बिल की प्रति भी संलग्न की है। उन्होंने जिलाधिकारी से स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त किसी अन्य विभाग अथवा मजिस्ट्रेट स्तर से मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# किरतपुर में चल रहा संपत्तियों का जियोग्राफिक सिस्टम सर्वे



**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद किरतपुर द्वारा शासन के निर्देशों के तहत नगर क्षेत्र की संपत्तियों का जियोग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम आधारित सर्वे कराया जा रहा है। इस सर्वे के माध्यम से मकानों, दुकानों एवं अन्य संपत्तियों की जानकारी को लोकेशन आधारित डिजिटल रिकॉर्ड से जोड़ा जा रहा है। नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार, अब तक करीब 13 से 14 वार्डों का सर्वे पूरा किया जा चुका है, जबकि शेष वार्डों में सर्वे एवं संपत्तियों के सत्यापन का कार्य तेजी से चल रहा है। पूरे नगर का सर्वे सितंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सर्वे के तहत प्रत्येक संपत्ति की पहचान उसके भौगोलिक स्थान से जोड़कर डिजिटल डाटाबेस तैयार किया जा रहा है। इससे नगर पालिका को संपत्तियों के रिकॉर्ड, कर व्यवस्था, शहरी विकास योजनाओं एवं अन्य विभागीय कार्यों में सुविधा मिलेगी। किरतपुर में प्रॉपर्टी सर्वे की जिम्मेदारी संभाल रही टीम में सुपरवाइजर विनोद कुमार के साथ अनुज माथुर, यश और सत्यम शामिल हैं। टीम विभिन्न वार्डों में पहुंचकर संपत्तियों का सत्यापन कर आवश्यक जानकारी जुटा रही है।

# ट्यूबवैल के झेरे में गिरा गुलदार, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**पैजनियां ( चिंगारी )।** हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव फ़तेहुल्लापुर पौटा में एक गुलदार ट्यूबवैल के झेरे में गिर गया। खेत पर गए कुछ किसानों ने झेरे से गुलदार के दहाड़ने की आवाज सुनी तो उनमें दहशत व्याप्त हो गई और दौड़कर उन्होंने गांव में आकर सूचना दी, जिस पर ग्रामीणों की मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने रात्रि करीब 12 बजे गुलदार को रेस्क्यू किया।

गांव फ़तेहुल्लापुर पौटा निवासी पवन चौधरी का गुरुकुल मार्ग पर ट्यूबवैल है। किसी समय गुलदार ट्यूबवैल के झेरे में गिर गया। कल की शाम चार बजे जब गांव के कुछ किसान चारा लेने जंगल गये तो झेरे में गिरे गुलदार की दहाड़ सुनकर दहशत में आ गए। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के सैक्शन इंचार्ज दरोगा सुमित कुमार, वन दरोगा मुकुल त्यागी, सौरभ कुमार, वन रक्षक प्रेम कुमार, सागर कुमार ने कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर रात बारह बजे गुलदार को कुए से बाहर निकाला। झेरे से निकाले गए गुलदार को टीम चांदपुर ले गयी। इस संबंध में वन क्षेत्र अधिकारी दुष्यंत कुमार ने बताया कि गुलदार का मेडिकल परीक्षण करने के बाद तय किया जाएगा कि वह कहां छोड़ा जाए। उन्होंने ग्रामीणों एवं किसानों से जंगलों में घूम रहे गुलदारों से सावधान रहने की अपील की है।

# राधा-कृष्ण की मूर्ति की स्थापना से पूर्व निकली कलश यात्रा




**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम सौफतपुर में आज भव्य कलश यात्रा निकालकर नवनिर्मित मंदिर में राधा रानी-श्रीकृष्ण की मूर्ति स्थापित की गयी तथा कलश यात्रा का शुभारंभ गांव के मध्य स्थित प्राचीन शिव मंदिर से हुआ। पं. अरविन्द शुक्ला द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया गया। ढोल-नगाड़ों के साथ कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से निकलते हुए एवं ग्राम देवता के सामने से होते हुए पुनः शिव मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। कलश यात्रा के उपरांत मूर्ति स्थापना हेतु पूजन किया गया। मुख्य यजमान कौशल राणा-रुचि देवी एवं विजय राणा-लक्ष्मी देवी रहे। तदोपरांत प्राचीन शिव मंदिर के परिसर में नवनिर्मित मंदिर में विधि - विधानपूर्वक राधा रानी-श्रीकृष्ण की मूर्ति को स्थापित किया गया। मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कर कन्याओं को प्रसाद का भोग लगाकर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विजय राणा, अरुण कुमार, मोहित राणा, नैपाल सिंह, छोटे सिंह, मुनेश कुमार, कलवा सिंह, अशोक कुमार, दिलीप कश्यप, वीरेन्द्र प्रजापति, गजराज सिंह, प्रियांशु कुमार, आशु, वंश सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

# पिंजरे में कैद हुए दो गुलदार

**किसान सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद ( चिंगारी )।** चीनी मिल नजीबाबाद क्षेत्र के गांव समीपुर, महावतपुर बिल्लौच, इस्सेपुर, गढ़मलपुर के किसान-मजदूरों ने आतंक का पर्याय बने गुलदार को अपनी लागत से बनाये पिंजरे में धर दाबोचा। डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह व पूर्व जिला पंचायत सदस्य सतीश चौहान ने बताया आज प्रातः एक और गुलदार ग्राम धनसीनी में भी पकड़ लिया गया है। डिप्टी रेंजर ने जानकारी देते हुए बताया दोनों गुलदार लगभग तीन वर्ष के युवा गुलदार हैं। दोनों गुलदारों को पकड़कर नर्सरी पर ले जाया गया। उच्च अधिकारी से दिशा निर्देश पाकर अगली कार्यवाही की जायेगी। महावतपुर बिल्लौच, झक्काकी, भदौला व भोगापुर के ग्रामीण कैलाश सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सुभाष, राहू, पूर्व प्रधान भगवाना सिंह का कहना है। गुलदारों ने खेतीबाड़ी करनी मुश्किल कर रखी है। जंगल में पानी होने की वजह से सूखा स्थान की तलाश में गुलदारों ने गांवों की ओर रुख कर लिया है जिसकी वजह से गांव के आसपास ही ज्यादातर गुलदार देखे जा रहे। उधर, जंगली सूअर ने भी गन्ने के खेतों में भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। जंगली सूअर गन्ने को तो खा ही रहे हैं, साथ ही जड़ समेत गन्ने को उखेड़ भी रहे हैं। गन्ना, चरी, बाजारा, शकरकजी की फसलों को सुअर उखेड़-उखेड़कर खा रहे हैं।



# हल्दौर में 6 सितम्बर को लगेगा आई कैम्प

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर के समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से आगामी 6 सितंबर दिन रविवार को वर्मा मैरिज हॉल हल्दौर पर प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। जिसमें चिकित्सक मरीजों की आंखों का चैकअप कर उसी दिन मोतिबिन्द के मरीजों को ऑपरेशन के लिये अपने साथ ऋषिकेश लें जाएंगे। सुशील वर्मा ने बताया कि मरीज असुविधा से बचने के लिये अपना रजिस्ट्रेशन 6 सितंबर से पूर्व प्रातः10 बजे से सायं 4 बजे तक वर्मा मैरिज हॉल पर आकर किसी भी दिन करवा सकते हैं।

# बाल ज्ञान निकेतन में सम्पन्न हुई एनसीसी भर्ती प्रक्रिया




**चांदपुर ( चिंगारी )।** बाल ज्ञान निकेतन इंटर कॉलेज, बास्टा में एनसीसी भर्ती प्रक्रिया उत्साहपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुई। एनसीसी का हिस्सा बनने के लिए विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। भर्ती प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने पूरे जोश के साथ अपनी शारीरिक क्षमता एवं योग्यता का प्रदर्शन किया।

एनसीसी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा तथा निर्धारित मानकों के आधार पर परीक्षण किया गया। विद्यार्थियों की फिटनेस, अनुशासन और अन्य आवश्यक योग्यताओं का परीक्षण करते हुए चयन प्रक्रिया को निर्धारित नियमों के अनुरूप सम्पन्न कराया गया। भर्ती प्रक्रिया का संचालन एवं चयन कार्य नायब सूबेदार दिल कुमार राय, हवलदार सुभाष सिंह, हवलदार मुकेश कुमार विष्ठ तथा कैप्टन अशोक कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुआ। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को एनसीसी के महत्व और इसके माध्यम से व्यक्तित्व विकास के अवसरों के बारे में भी जानकारी दी। विद्यालय के प्रबंधक सुनील दत्त शर्मा ने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। एनसीसी युवाओं में केवल शारीरिक क्षमता ही नहीं बढ़ाता, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, समय की पाबंदी, जिम्मेदारी और राष्ट्रसेवा की भावना भी विकसित करता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनमोहन सिंह ने कहा कि एनसीसी युवाओं को अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भर्ती प्रक्रिया को सफल एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने में चौहान विश्व गौरव, मोहित, कुलदीप सिंह आर्य, पुष्पेंद्र तथा अलिशा का विशेष सहयोग रहा।

# गुलदार ने रेलवे के गेटमैन पर हमला किया, पंजा लगा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** गुलदार ने रेलवे के गेटमैन पर हमला कर दिया। गेटमैन ने साहस का परिचय देते हुए कोठरी का दरवाजा बंद कर लिया। गुलदार का पंजा लगने से गेटमैन मामूली रूप से घायल हो गया। घटना से ग्रामीणों में भय बना हुआ है। क्षेत्र के ग्राम सराय निवासी रणजीत सिंह रेलवे में गेटमैन है तथा वर्तमान में ग्राम रामपुर नजराना स्थित गेट नंबर 20 पर तैनात है। रात्रि में लगभग 3 बजे गेटमैन रणजीत सिंह जैसे ही अपनी कोठरी से बाहर निकले, तभी गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। रणजीत सिंह ने साहस का परिचय देते हुए कोठरी को अंदर से बंद कर लिया तथा इस सम्बन्ध में अपने अधिकारियों को जानकारी दी। गुलदार का पंजा लगने से रणजीत सिंह मामूली रूप से घायल हो गये। मालूम हो कि क्षेत्र के लगभग सभी गांवों के जंगलों में गुलदार दिखाई दे रहे हैं। किसानों व ग्रामीणों में भय बना हुआ है। गुलदार के भय से ग्रामीण अकेले में देर सवेर जंगल व अन्य स्थानों पर आते-जाते घबरा रहे हैं।



# मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता की विजेता कशिश को सम्मानित किया


ग्राम उमरी में कशिश पहलवान को सम्मानित करते हुए शेर सिंह।

**नहटौर ( चिंगारी )।** नहटौर विस के ग्राम उमरी कलां की पहलवान कशिश ने मंडल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में 46 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कशिश आगामी 21 से 25 सितंबर तक गोरखपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में जनपद बिजनौर का प्रतिनिधित्व करेगी। आसपा नेता एवं पूर्व बीईओ शेर सिंह ने ग्राम उमरी कला में खिलाड़ी कशिश और उनके परिवार से मुलाकात की। बेटी को शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उसकी तैयारी, यात्रा आदि के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान कर हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें सही मार्गदर्शन और सहयोग देने की। इस अवसर पर ताहिर, साबिर चौधरी, फुरकान, शौकीन, रामकुमार, रोहिताश आदि उपस्थित रहे।

# नवागत कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय का सम्मान किया

**बरेली ( चिंगारी )।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार राय द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात विश्वविद्यालय के मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजबहादुर ने कुलपति को पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी परिषद के प्रतिनिधियों ने भी पुष्प-गुच्छ अर्पित कर कुलपति का अभिनंदन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी विनोद कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनिल कुमार यादव तथा



कुल सचिव महेंद्र सिंह ने कुलपति के प्रति स्वागतोद्बोधन व्यक्त किया एवं उनके दूरदर्शी नेतृत्व में विश्वविद्यालय की उन्नति की आशा प्रकट की। अपने संबोधन में कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार राय ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। उन्होंने संतुलन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के मतभेद की स्थिति में संयम एवं संतुलन बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम का कुशल संचालन रणजीत सिंह एवं हितेश तीखा ने किया। इस अवसर पर उपकुल सचिव श्रीमती ममता सिंह, श्रीमती सुनीता यादव, सहायक कुलसचिव लखपत राम भंडारी, मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष राजबहादुर, रामप्रीत, महेशचंद जोशी, सुधाकर मौर्य, तपन कुमार वर्मा, सुधांशु शर्मा सहित विश्वविद्यालय के बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस ने धामपुर जंक्शन कॉलोनी में दानपात्र चोरी की घटना का किया पर्दाफाश

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर जंक्शन कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में दान पत्र को चोरी किए जाने के मामले में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करके उनके पास से नकदी व तमंचा बरामद किया है।

## तीन आरोपी गिरफ्तार

अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, सी ओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने गहन जांच करने के दौरान अभिषेक जोशी पुत्र सुनील जोशी निवासी मोहल्ला जोशियान धामपुर, सुनील उर्फ भूरे पुत्र हुकम मोहल्ला इंदिरा नगर धामपुर तथा शाहे आलम पुत्र खुर्शीद निवासी ग्राम जीतनपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 5070 की नकदी के अलावा



एक तमंचा, एक कारतूस तथा चाकू बरामद किए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तीनों अभियुक्तों का क्रिमिनल रिकॉर्ड है और इनके खिलाफ विभिन्न स्थानों में मुकदमें पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि अभिषेक जोशी शनिवार के दिन घर-घर जाकर पैसे लेता था। इसी दौरान वह तीन बार शिव मंदिर भी गया और वहां रेकी करने के बाद दानपात्र चोरी करने की योजना बनाई। यह तीनों शीला टाकीज पर एकत्र हुए और उसके बाद मंदिर के पीछे बाग से दीवार फांदकर मंदिर में घुसे और दानपात्र चोरी करके ले गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के बाद उनके आवास पर लगी गारद को हटा दिया गया है और पुलिस अधीक्षक को उनकी रिपोर्ट भेज दी गई है।

बता दें कि धामपुर जंक्शन कॉलोनी स्थित महादेव मंदिर में तीन दिन पहले दानपात्र चोरी हो गया था। इस संबंध में कॉलोनी निवासी शंकरलाल शर्मा ने थाने में तहरीर दी थी, जिसके आधार पर मुदमा पंजीकृत किया गया था। टूटा हुआ दानपात्र पास के बाग में पड़ा मिला था। एएसपी के आवास/कैम्प कार्यालय के एकदम समीप स्थित मंदिर में चोरी की घटना से लोगों में रोष व्याप्त हो गया था।

# पालिकाध्यक्ष व ईओ ने देखा सीएम के प्रोग्राम का लाइव वीडियो



लाइव प्रसारण देखते हुए पालिकाध्यक्ष व ईओ।

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आउटसोर्स कार्मिकों के बढ़े हुए पारिश्रमिक की उद्घोषणा एवं उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के Logo, Website, एवं Portal का अनावरण एवं शुभारंभ कार्यक्रम के live video में नगर पालिका के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने पालिका के समस्त आउटसोर्स कार्मिको के साथ प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व से पूर्व प्रदेश सरकार ने आउटसोर्सिंग कर्मियों को सुविधा प्रदान करके उनके जीवन स्तर को सुधारने का सराहनीय कार्य किया है।

# आगामी माह गन्ने की नई प्रजाति की अधिकाधिक क्षेत्र में करें बुआई

**धामपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय शुगर मिल के सहायक उपाध्यक्ष द्वारा चांदपुर ज़ोन पर किसानों के साथ एक बैठक की गई। जिसमें किसानों के साथ वार्ता करते हुए अक्टूबर गन्ना बुवाई में नई प्रजाति को अधिक से अधिक क्षेत्रफल में बुआई पर जोर दिया गया। सहायक उपाध्यक्ष



द्वारा किसानों को आश्वासन दिया गया कि इस बार आपको किसी भी प्रकार कि समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक मनोज चौहान, गन्ना प्रबंधक चंद्रभान सिंह, जोनल अधिकारी मनीष नागर तथा फिल्ड स्टाफ विकास कुमार, अनुपम कुमार, आदित्य कुमार और भिन्न-भिन्न ग्रामों से आए हुए किसान हुकम सिंह, कुलदीप शर्मा, प्रदीप त्यागी, सोनू त्यागी, मोमराज सिंह, समरपाल सिंह, गजेन्द्र सिंह, रॉबिन त्यागी, गुरुदेव सिंह, जगतार सिंह, इंद्राज सिंह, कपिल कुमार, कलवा सिंह, युवराज सिंह, जयसिंह, सुनील कुमार आदि किसान उपस्थित रहे।

# मॉडिफाइड साइलेंसर पर चला रोड रोलर, 50 से ज्यादा साइलेंसर किए नष्ट

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई के निर्देशन में यातायात पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिलों पर लगे मॉडिफाइड साइलेंसरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। टीएसआई रवि नैन के नेतृत्व में अभियान चलाकर 50 से अधिक मॉडिफाइड साइलेंसर उतरवाए गए और इन्हे पुलिस लाइन और विकास भवन के सामने सड़क पर रख कर इन पर रोड रोलर चलाकर सभी को नष्ट किया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सीज और प्रवर्तन की कार्रवाई भी की गई।



टीएसआई रवि नैन ने स्पष्ट किया कि मॉडिफाइड साइलेंसर और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

यातायात पुलिस ने बताया कि मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर तेज और अनावश्यक आवाज करने वाले वाहनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। ऐसे वाहनों के विरुद्ध सीज करने सहित अन्य प्रवर्तनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में कंपनी द्वारा निर्धारित मानक साइलेंसर का ही प्रयोग करें। मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण न फैलाएं और यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं तथा अन्य राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।




# भाकियू (अ) ने की किसानों की समस्याओं के सामाधान की मांग

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की तहसील स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता और लोकेंद्र चौधरी जिला सचिव के संचालन में किया गया ।

बैठक में किसानो की खतौनी में अंश निर्धारण, गन्ना किसानों को महंगाई को देखते हुए 700 कुंतल गन्ने का भाव दिया जाने ,किसानों के ट्यूबवेल से तार व मोटर चोरी रोके जाने, निराश्रित पशुओं से किसानों की फसल को बचाए जाने, गुलदार की समस्या से वन विभाग के द्वारा निजात दिलाई जाने की समस्या पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के उपरांत इन समस्याओं के समाधान के लिए तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, ब्लॉक अध्यक्ष धामपुर अजय राजपूत, तहसील महासचिव सुनील प्रधान, दिनेश प्रधान, धनवीर सिंह संगठन मंत्री, सुरेश कुमार, सुशील कुमार, भागेश कुमार, दिनेश कुमार, मास्टर हरिओम सिंह मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद किसान।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ. समर जो मेरे साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा मेरे कहने-सुनने में नहीं है। इसलिए मैं अपने पुत्र से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है, तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। पूर्व 2018 में भी मैंने ये सूचना प्रकाशित करवाई थी। **-रियासत अली पुत्र शौकत अली निवासी मौहल्ला बिलाल बस्ती, कस्बा व थाना कोतवाली देहात, जिला बिजनौर**

# अक़ीदत व मौहब्बत के साथ मनाया गया हज़रत बाबा हक़दाद अली शाह का सालाना उर्स

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला बन्दूकचियान स्थित हज़रत बाबा हक़दाद अली शाह रहमतुल्लाह अलैहि का 221वां दो दिवसीय सालाना उर्स अकीदत, मोहब्बत और शानो-शौकत के साथ मनाया गया। उर्स के दौरान महफ़िल-ए-मिलाद शरीफ़, गुलपोशी, चादरपोशी, फ़ातिहाख़्वानी, ख़ुसूसी दुआ और लंगर का आयोजन किया गया।

उर्स के पहले दिन महफ़िल-ए-मिलाद शरीफ़ का आयोजन कर दो दिवसीय उर्स का आग़ाज़ किया गया। महफ़िल की शुरुआत हाफ़िज़ आसिफ़ कुरैशी ने बारगाह ए इलाही में तिलावत-ए-कलाम-ए-पाक से की, जबकि हाफ़िज़ मोहम्मद फ़ैज़ान ने बारगाह-ए-सरवर-ए-कौनैन में नात-ए-पाक पेश कर महफ़िल को रूहानी फ़िज़ा से सराबोर कर दिया। इसके बाद नासिर अकरमी, हबीब हसन सक़लैनी, फ़रमान अली, नूर मोहम्मद, इस्तेखार और हाफ़िज़ शाह आलम ने हज़रत मुहम्मद मुस्तफा साहु तआला अलैहि वसल्लम का मिलाद पढ़ा। इस दौरान महफ़िल में मौजूद शायरों और छोटे बच्चों ने भी अपने



ख़ूबसूरत कलाम पेश किए। उर्स के दूसरे दिन बाद नमाज़-ए-असर हज़रत बाबा हक़दाद अली शाह रहमतुल्लाह अलैहि के मज़ार-ए-मुबारक पर अकीदतमंदों द्वारा गुलपोशी और चादर पेश की गई। इसके बाद फ़ातिहाख़्वानी की गई तथा मौलाना शान मोहिउद्दीन ने मुल्क में अम्न-ओ-अमान, भाईचारे और ख़ुशहाली के लिए ख़ुसूसी दुआ कराई।

इस मौके पर दरगाह के खादिम रईस अल्वी, हज़रत सय्यद नमक शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैहि की दरगाह के सज्जादा नशीन मोहम्मद आबिद सक़लैनी, हैदर अली आढ़ती, काला कुरैशी, नज़ाकत हुसैन अल्वी, आसिफ़, मोहम्मद जावेद, हाफ़िज़ अहमद रज़ा, मोनिस अल्वी, अहमद रज़ा, ऐजाज़ धामपुरी, नईम सैफ़ी सहित भारी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे।

## माहौल हुआ रूहानी

दो दिवसीय सालाना उर्स के दौरान दरगाह परिसर में रूहानी और नूरानी माहौल देखने को मिला। अकीदतमंदों ने हज़रत बाबा हक़दाद अली शाह रहमतुल्लाह अलैहि की बारगाह में हाज़िरी देकर अपनी मुरादों और मुल्क-ओ-कौम की सलामती के लिए दुआएं मांगीं।

# गुरुग्रंथ साहिब के सभी स्वरूपों की सेवा का किया गया कार्य

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में आयोजित किए गए सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सभी स्वरूपों की सेवा का कार्य किया गया। इस दौरान पहुंचे गुरमुख परिवारों के पुरुष एवं महिला सदस्यों ने पिछले कई वर्षों से चली आ रही परंपरा के अंतर्गत सभी स्वरूपों की सेवा कार्य में अपना योगदान दिया। गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह तथा गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पंथ से संबंधित जयकारों की सामूहिक गूंज के बीच सभी स्वरूपों को विशेष रूप से तैयार किए गए मंच पर विराजमान कर किया गया। कार्यक्रम में सरदार त्रिलोचन सिंह चावला, सरदार रविंद्र सिंह सिडाना, तनप्रीत सिंह मोगा, डॉ. अमरजीत सिंह चावला, सरदार गगनदीप सिंह चावला, सरदार गुरमीत सिंह गांधी राजू, सरदार बलजीत सिंह गांधी जोगा तथा स्त्री सत्संग सभा की जत्थेदार बीवी महेंद्र कौर खालसा, बेबे नानकी दल की जत्थेदार बीबी अमनप्रीत कौर सिडाना का विशेष योगदान रहा।

# शहर से अतिक्रमण हटाइये, आवागमन की सुविधा दिलाइये

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** श्री नरेंद्र भाई मोदी विचार मंच के पदाधिकारियों ने कोटद्वार शहर को अतिक्रमणमुक्त बनाने की मांग की है। कहा कि अतिक्रमण के कारण शहर की सूरत बिगड़ती जा रही है। इस संबंध में रतनपुर सुखरौ स्थित मंच कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में शहर का कोई भी स्थान ऐसा नहीं है, जहां अतिक्रमण न किया गया हो। मुख्य शहर से लेकर वार्डों तक में अतिक्रमण किया गया है। शासन प्रशासन की ओर से कई बार इस अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की है, लेकिन अभी तक पूर्ण सफलता नहीं मिल पाई है। अतिक्रमण के कारण सड़कें और गलियां संकरी हो जाती हैं, जिस कारण आम जन को पैदल चलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। कहा कि मंच का मानना है कि अतिक्रमण हटने के बाद शहर की सूरत में सुधार आ सकता है। इसलिए अतिक्रमण पर सख्ती से कार्रवाई की जानी चाहिए। बैठक में सीपी डोबरियाल, जीके बड़थ्वाल, सीपी धूलिया, हरीश खुगशाल व विनोद ध्यानी सहित मंच के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# महाविद्यालय की छात्रा मंताशा ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार में अध्ययनरत एम ए भूगोल की छात्रा मंताशा ने यूजीसी नेट परीक्षा पास कर महाविद्यालय और अपने विभाग का नाम रोशन किया है। मंताशा की सफलता पर प्राचार्य एवं भूगोल विभाग द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डी एस नेगी ने कहा कि मंताशा की यह सफलता उनकी अटूट लगन, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास का परिणाम है। एक नया इतिहास रचते हुए उन्होंने न केवल स्वयं को साबित किया है, बल्कि पूरे महाविद्यालय का सिर गर्व से ऊंचा किया है। कहा कि उनका यह प्रदर्शन भूगोल विभाग के अन्य छात्र-छात्राओं को भी उच्च लक्ष्यों को प्राप्त करने और अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगा। वहीं भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. एसएस बलूनी और महाविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी मंताशा की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की है।

# 200 धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटवाये



**चांदपुर ( चिंगारी )।** पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह के निर्देशन में बिना परमिशन धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर को हटवाये जाने का कार्य शुरु किया गया। अभियान आज भी जारी हैं। क्षेत्र में अब तक लगभग 200 धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतारे गए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि बिना परमिशन धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर को हटवाये जाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। ग्राम खेड़की स्थित एक धार्मिक स्थल से मानकों के अनुरूप कार्यवाही करते हुए धार्मिक स्थल पर लगे लाउडस्पीकर को हटवाया तथा हटाये गये लाउडस्पीकर को शैक्षणिक उपयोग के दृष्टिगत ग्राम के प्राथमिक विद्यालय को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मंडी कोटला स्थित एक धार्मिक स्थल पर लगे लाउडस्पीकर को भी हटवाया तथा परमिशन मिलने के बाद ही लाउडस्पीकर का उपयोग करने को कहा।

# संस्कृत भाषा के संरक्षण व संवर्धन के लिए सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध : धन सिंह

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** संस्कृत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा ऋषिकेश नारायण भरत मन्दिर में आयोजित भव्य संस्कृत गोष्ठी एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया। मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि संस्कृत देववाणी के रूप में

## संस्कृत गोष्ठी व संस्कृत शोभायात्रा का आयोजन

सम्पूर्ण विश्व में प्रसिद्ध है। संस्कृत के छात्र एवं संस्कृत के आचार्य संस्कृत भाषा के ध्वजवाहक हैं जन-जन की भाषा संस्कृत हो इस विषय पर सरकार कार्य कर रही है। संस्कृत हमारी द्वितीय राजभाषा है, हमारी सरकार इसके संरक्षण संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। आज हर जनपद में संस्कृत ग्राम है। वहां संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए संस्कृत भाषी प्रशिक्षकों को नियुक्त किया गया है, जिससे संस्कृत के प्रचार प्रसार में निरन्तर वृद्धि हो रही है। तत्पश्चात मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर संस्कृत शोभायात्रा का प्रारम्भ किया। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर शंभू सहित पासवान, पूर्व महापौर श्रीमती अनीता ममगाईं, जयेंद्र रमोला, सहित संजय शास्त्री, केशव स्वरूप ब्रह्मचारी, श्री गोपालचार्य महाराज, डॉ. अनुसूया प्रसाद सुन्दरियाल, डॉ. जनार्दन प्रसाद कैरवाल, डॉ. नवीन पन्त, सुभाष चन्द्र डोभाल, डॉ. सुशील कुमार नौटियाल, डॉ. ओमप्रकाश पूर्वाल, नवीन भट्ट, सुरेन्द्र भट्ट, विनायक भट्ट, विजय जुगलान, कृष्ण प्रसाद उनियाल, डॉ. गिरीश पांडेय, डॉ. संतोष मुनि, सुमन झा, नवल किशोर, डॉ. अनिल नौटियाल, मनोज द्विवेदी, विपिन बहुगुणा, जितेन्द्र भट्ट, शान्ति डंगवाल, कृष्णा प्रसाद उनियाल, श्रीमती पूजा वसिष्ठ, हंसराज भट्ट, विकास कोठारी, शान्ति डंगवाल, शान्ति प्रसाद मैथानी, सुबोध बमोला, लालमणि व्यास आदि उपस्थित थे।




रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**







### उत्तर प्रदेश में शुरु हुआ सरदार वल्लभभाई पटेल औद्योगिक क्षेत्र

# हुनर, रोजगार, आत्मनिर्भर युवा

**उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को स्थानीय स्तर पर कौशल, रोजगार और उद्यमिता के बेहतर अवसर देने के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल रोजगार एवं औद्योगिक क्षेत्र (एसवीपीईआईजेड) योजना शुरू की है। इसके तहत प्रदेश के सभी जिलों में चरणबद्ध तरीके से आधुनिक औद्योगिक एवं रोजगार क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। पहले चरण में 16 एसवीपीईआईजेड केंद्रों की स्थापना, विकास एवं संचालन कराया जाएगा। 9 'हब एंड स्पोक मॉडल' आधारित औद्योगिक क्लस्टर बनाए जा रहे हैं। यहां प्लग एंड प्ले शेड, कौशल विकास केंद्र, साझा सुविधा केंद्र और 'वन स्टॉप' रोजगार इकोसिस्टम जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह योजना एमएसएमई क्षेत्र को मजबूती देकर युवाओं के लिए रोजगार और प्रदेश की आर्थिक प्रगति को नई गति देगी।**

- सरदार वल्लभभाई पटेल औद्योगिक क्षेत्र के माध्यम से प्रदेश में नए उद्योगों को बढ़ावा देकर स्थानीय युवाओं के लिए व्यापक रोजगार के अवसर सृजित किए जा रहे हैं
- इस परियोजना के अंतर्गत प्रथम चरण में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के माध्यम से 05, यूपीसीडा के माध्यम से 05, यूपीईडा के माध्यम से 02, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के माध्यम से 02, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के माध्यम से 01 तथा गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के माध्यम से 01, कुल 16 एसवीपीईआईजेड केंद्रों की स्थापना, विकास एवं संचालन कराया जाएगा
- इन क्षेत्रों में एकीकृत रोजगार एवं औद्योगिक केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां प्रशिक्षण, उद्योग और रोजगार सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी



- पूरे उत्तर प्रदेश को 9 हब-एंड-स्पोक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, ताकि प्रत्येक क्षेत्र की औद्योगिक क्षमता के अनुसार विकास हो सके
- प्रत्येक एसवीपीईआईजेड परिसर में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए अत्याधुनिक कौशल विकास केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं
- उद्यमियों को तैयार औद्योगिक परिसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे वे न्यूनतम समय में बिना किसी देरी के उत्पादन शुरू कर सकें

## औद्योगिक विकास और कौशल विकास के समन्वय से युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुरूप रोजगार के बेहतर अवसर मिल रहे हैं



उद्योगों को वातावरण देकर उत्पादन क्षमता बढ़ाई जा रही है, जिससे रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को गति मिली है

औद्योगिक क्लस्टरों के विकास से छोटे उद्यमों को मजबूती मिली है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के स्थायी अवसर बढ़े हैं

प्रदेश में स्थापित नई औद्योगिक इकाइयों से युवाओं को रोजगार और लोगों को अप्रत्यक्ष आजीविका मिल रही है

निवेशकों को प्रोत्साहन और उद्योगों को सुविधाएं देकर प्रदेश को अग्रणी औद्योगिक राज्य बनाने का प्रयास जारी है

औद्योगिक विकास से स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होने पर छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को नए अवसर मिल रहे हैं

'रोजगार, निवेश और औद्योगिक विकास' के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश युवाओं को नई उड़ान दे रहा है

- हर औद्योगिक क्षेत्र में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के लिए विशेष डिस्प्ले और मार्केटिंग स्पेस विकसित किया जाएगा, जिससे स्थानीय उत्पादों को नए बाजार मिलेंगे
- युवाओं के लिए प्रशिक्षण से लेकर रोजगार तक की सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर सुनिश्चित करने हेतु 'वन स्टॉप' इकोसिस्टम बनाया गया है
- इन सभी औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली, पानी, चौड़ी सड़कें, हरित क्षेत्र और वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए अलग क्षेत्र विकसित किए गए हैं
- रोजगारोन्मुख औद्योगिक विकास से पलायन कम करने और स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए गए हैं



- वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में सरदार वल्लभभाई पटेल रोजगार एवं औद्योगिक क्षेत्र के लिए ₹550 करोड़ का प्रावधान किया गया है। प्रारंभिक क्रियान्वयन के लिए ₹25 करोड़ अतिरिक्त रखे गए हैं
- औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार से स्थानीय कारोबार को बढ़ावा मिला है तथा परिवहन, लॉजिस्टिक्स और सेवा क्षेत्र में भी रोजगार बढ़ा है
- प्रदेश में निवेश से एमएसएमई, बड़े उद्योग व स्टार्टअप क्षेत्र में रोजगार के अवसर विकसित हो रहे हैं